इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 186 राजनांदगांव, सोमवार 25 मई 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## ट्रम्प बोले- ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे: वह इतिहास की सबसे खराब डील, उससे ईरान को परमाणु हथियार बनाने का मौका मिला

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि तब ईरान के साथ हुआ परमाणु समझौता अमेरिका के इतिहास की सबसे खराब डील्स में से एक था।

ट्रम्प ने आरोप लगाया कि उस समझौते ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने का सीधा रास्ता दे दिया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अभी ईरान के साथ जिस समझौते पर बातचीत कर रही है, वह बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने प्रतिनिधियों को जल्दबाजी न करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि वक्त अमेरिका के पक्ष में है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक नया समझौता पूरी तरह फाइनल होकर उस पर आधिकारिक हस्ताक्षर नहीं हो जाते, तब तक ईरान पर लगाया गया अमेरिकी घेराबंदी अभियान पूरी तरह जारी रहेगा। ट्रम्प ने कहा, दोनों पक्षों को समय लेना चाहिए और चीजों को सही तरीके से करना चाहिए। इसमें कोई गलती नहीं हो सकती। उन्होंने दोहराया कि ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार या परमाणु बम विकसित करने या हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



ट्रम्प ने रविवार शाम (भारतीय समय के मुताबिक) सोशल मीडिया पर यह एआई जनरेटेड इमेज शेयर की। इसमें ईरानी झंडे वाला एक जहाज पर बमबारी हो रही है। इसके कैप्शन में आदियोस लिखा है। यह स्पैनिस शब्द है जिसका मतलब 'अलविदा' होता है। इससे ईरान को धमकी देना माना गया। ट्रम्प ने रविवार शाम (भारतीय समय के मुताबिक) सोशल मीडिया पर यह एआई जनरेटेड इमेज शेयर की। इसमें ईरानी झंडे वाला एक जहाज पर बमबारी हो रही है। इसके कैप्शन में आदियोस लिखा है। यह स्पैनिस शब्द है जिसका मतलब 'अलविदा' होता है। इससे ईरान को धमकी देना माना गया।

### ईरान न्यूक्लियर डील के बारे में जानिए

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय 2015 में ईरान के साथ जो परमाणु समझौता हुआ था, उसे आसान भाषा में ईरान न्यूक्लियर डील कहा जाता है। इसका आधिकारिक नाम जॉइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन था। दरअसल, अमेरिका, इजराइल और कई पश्चिमी देशों को डर था कि ईरान परमाणु बम बना सकता है। ईरान परमाणु कार्यक्रम रोकने के लिए तैयार नहीं था। उसका कहना था कि वह सिर्फ बिजली बनाने और वैज्ञानिक कामों के लिए है। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हुआ। इस समझौते के तहत ईरान अपने यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने को तैयार हो गया। अपने परमाणु ठिकानों की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुमति दी। इसके बदले ईरान को कई फायदे हुए। जैसे अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कई आर्थिक प्रतिबंध हटाए। ईरान को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और तेल बेचने में राहत मिली। विदेशों में फंसा अरबों डॉलर का ईरानी पैसा वापस मिलने लगा। लेकिन ट्रम्प ने इस समझौते का विरोध किया। उनका (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## फलता विधानसभा चुनाव रिजल्ट: बीजेपी की प्रचंड जीत, देबांग्शु पांडा ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जहांगीर खान को हराया

कोलकाता। भाजपा ने दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की है। यहां भाजपा प्रत्याशी देबांग्शु पांडा ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी माकपा के शंभुनाथ कुर्मी को 1,09,021 वोटों के भारी अंतर से मात दी। रविवार को 22 राउंड की गणना के बाद घोषित हुए नतीजों में देबांग्शु को 1,49,666 जबकि कुर्मी को 40,645 वोट मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुर रज्जाक मोल्ला की झोली में 1,00,84 वोट आए। दूसरी तरफ तृणमूल के जहांगीर खान को मात्र 7783 वोट मिले और वह चौथे स्थान पर रहे।



मालूम हो कि मतदान से 48 घंटे पहले जहांगीर ने चुनाव से हटने की घोषणा कर दी थी, हालांकि तब तक नामांकन वापसी की अवधि समाप्त हो चुकी थी इसलिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर उनका भी नाम था। इस जीत के साथ बंगाल में भाजपा विधायकों की संख्या बढ़कर 208 हो गई है। भाजपा की बंगाल विधानसभा चुनाव में जीत के अंतर का यह नया रिकॉर्ड है। हालिया संपन्न विधानसभा चुनाव में माटीगारा नक्सलबाड़ी सीट पर भाजपा प्रत्याशी आनंदमय बर्मन ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तृणमूल के शंकर मालाकार को 1,04265 वोटों के अंतर से हराया था। बर्मन को 1,66,905 तो मालाकार को 62,640 वोट मिले थे। मालूम हो कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा सीट पर तृणमूल ने एक लाख से अधिक वोटों की बढ़त बनाई थी। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां तृणमूल के शंकर कुमार नस्कर ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के बिधान पारुई को 40,774 वोटों से हराया था। नस्कर को 1,17,179 व पारुई को 76,405 वोट मिले थे। उस वक्त वाममोर्चा व कांग्रेस ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुर रज्जाक मोल्ला को 7,452 वोट मिले थे। वहीं 2016 के विधानसभा चुनाव में भी यहां तृणमूल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## व्हाइट हाउस के पास अंधाधुंध फायरिंग: घर में ही मौजूद थे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप!

नई दिल्ली। वैश्विक महाशक्ति अमेरिका की सबसे सुरक्षित इमारत व्हाइट हाउस के सुरक्षा घेरे को भेदने की एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने सामने आया है। राजधानी वाशिंगटन डीसी स्थित प्रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स के ठीक बाहर रविवार सुबह एक अज्ञात बंदूकधारी ने अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।



**हमलावर हुआ ढेर, जान बचाती दिखी महिला पत्रकार**

अचानक हुई इस फायरिंग की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा और सुरक्षा अलार्म बजने लगे। जिस वक्त यह वारदात हुई, उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद व्हाइट हाउस के भीतर ही मौजूद थे। चश्मदीदों ने बताया कि व्हाइट हाउस कॉम्प्लेक्स के ठीक बाहर 17 स्ट्रीट और पेनसिलवेनिया एवेन्यू नॉर्थवेस्ट के पास अचानक गोलियां चलने की आवाजें आईं। हमलावर ने एक के बाद एक करीब 25 राउंड कड़े फायर किए। गोलीबारी शुरू होते ही यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस के कमांडो और स्नाइपर टीमों ने तुरंत मोर्चा संभाला। सुरक्षाबलों ने त्वरित और कड़ाई से जवाबी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध हमलावर पर गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। प्राथमिक जानकारियों के मुताबिक, व्हाइट हाउस पर हमला करने वाले इस सिरफिरे व्यक्ति की पहचान 21 वर्षीय नेसिर बेस्ट के रूप में हुई है। न्यूॉर्क पोस्ट की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुप्रीम कोर्ट में 'कॉकरोच जनता पार्टी' के खिलाफ PIL, CBI जांच की मांग

नई दिल्ली। देश की शीर्ष अदालत की गरिमा को तार-तार करने वाले एक मामले ने सुप्रीम कोर्ट का ध्यान खींच लिया है। कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर किया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कॉकरोच जनता पार्टी नाम का एक ग्रुप खुद को राजनीतिक पार्टी बताता है। साथ ही जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि यह ग्रुप अदालत की टिप्पणियों को खुले आम अपनी कमाई और प्रचार के लिए इस्तेमाल कर रहा है।




**फर्जी वकीलों पर भी सख्त एक्शन का आग्रह**

याचिका में आगे कहा गया है कि ये लोग कोर्ट की बातों को व्यापार, ऐप प्रमोशन और सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूरी तरह गलत और खतरनाक है। याचिका दायर करने वालों का कहना है कि संवैधानिक प्रक्रिया अब धीरे-धीरे एक कमोडिटी बनती जा रही है। जहां पहले अदालत की टिप्पणियां कानून और न्याय के लिए होती थीं, वहां अब कुछ लोग उन्हें अपना प्रचार अभियान और कमर्शियल गेम चलाने के लिए यूज कर रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी पर आरोप है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की कुछ टिप्पणियों को लेकर प्रचार सामग्री बनाई, डिजिटल कैंपेन चलाए और यहां तक कि व्यापारिक गतिविधियों में भी इनका इस्तेमाल किया। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच हो, और बेहतर होगा कि सीबीआई इसकी जांच करे। साथ ही फर्जी वकीलों का मुद्दा भी उठाया गया है। याचिका में कहा गया है कि कई ऐसे लोग वकालत कर रहे हैं जिनके पास फर्जी डिग्री हैं। ये लोग अदालती प्रक्रिया को और बदनाम कर रहे हैं। देश भर में फर्जी वकीलों की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। कई युवा वकील शिकायत करते हैं कि असली मेहनत करने वाले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक में बड़ा हादसा, नदी में सीप ढूंढने गए 8 लोगों की डूबने से दर्दनाक मौत

बेंगलुरु, कर्नाटक। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में एक गांव के 8 लोगों की नदी में डूबकर मौत हो गई. ये सभी लोग नदी में सीप (मसल्स) इकट्ठा करने गए थे, तभी अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और एक के बाद एक कई लोग बह गए. मरने वालों में 7 महिलाएं शामिल हैं. 2 लोग अभी भी लापता हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जताया. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया. कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और विपक्ष के नेता आर. अशोका ने भी मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई. ये लोग नदी में उतरे और धीरे-धीरे गहरे पानी की तरफ बढ़ते गए. पर उन्होंने सही से अंदाजा नहीं लगाया कि पानी कितना गहरा है और बहाव कितना तेज हो सकता है.



तभी अचानक नदी का बहाव बहुत तेज हो गया. इलाके में बारिश हो रही थी, जिसकी वजह से नदी का पानी अचानक बढ़ गया. पहले एक या दो लोग पानी के तेज बहाव में बह गए.

### फिर हुई सबसे बड़ी गलती

जब कुछ लोग बहते दिखे तो बाकी लोग उन्हें बचाने के लिए खुद भी नदी में कूद पड़े. लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि वो भी उसमें फंस गए. एक के बाद एक कई लोग डूबने लगे. बचाने की कोशिश में खुद बचाने वाले भी फंस गए. पुलिस ने बताया कि जो लोग मारे गए, उनमें से कई पहले भी यह काम कर चुके थे. यह उनके लिए नई बात नहीं थी. लेकिन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यूक्रेन पर रूस का खौफनाक हमला, दागी विनाशकारी हाइपरसोनिक ओरेश्निक मिसाइल, दहल उठी राजधानी कीव



नई दिल्ली। यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस ने रविवार को बड़ा हमला किया, जिससे शहर में दहशत फैल गई. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि इस हमले में रूस ने अपनी हाइपरसोनिक ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल किया. यह वही मिसाइल है, जिसके इस्तेमाल को लेकर जेलेंस्की कुछ दिन पहले चेतावनी दे चुके थे. उनके मुताबिक, ड्रोन और मिसाइलों से किए गए इस हमले में दो लोगों की मौत हुई है. यूक्रेन का कहना है कि चार साल से जारी युद्ध में रूस ने तीसरी बार यह मिसाइल दागी है, जिससे राजधानी के कई इलाकों में नुकसान हुआ और लोगों में डर का माहौल बन गया. रविवार की रात कीव के लोगों के लिए बेहद डरावनी रही. शहर में पूरी रात एयर रेड सायरन बजते रहे. आसमान में धुआं छाया रहा और कई जगह जोरदार धमाके सुनाई दिए. सरकारी दफ्तरों, स्कूलों और रिहायशी इमारतों के पास हमले हुए. कीव क्षेत्र के बिला त्सेरकवा शहर में ओरेश्निक मिसाइल गिरने की बात कही गई है, हालांकि रूस का निशाना क्या था, यह अभी साफ नहीं हो पाया है.

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, रूस ने इस हमले में करीब 600 ड्रोन और 90 मिसाइलें दागीं. इनमें हवा, जमीन और समुद्र से लॉन्च की जाने वाली मिसाइलें शामिल थीं. यूक्रेन का दावा है कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने 549 ड्रोन और 55 मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट या निष्क्रिय कर दिया, लेकिन इसके बावजूद कुछ हमले राजधानी कीव तक पहुंच गए.

जेलेंस्की के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद यह तीसरी बार है जब रूस ने ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल किया है. इससे पहले नवंबर 2024 में यूक्रेन के निप्रो शहर और जनवरी 2026 में पश्चिमी लवीव को निशाना बनाने के लिए इस मिसाइल का उपयोग किया गया था. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले दावा कर चुके हैं कि यह मिसाइल आवाज की रफ्तार से करीब 10 गुना तेज स्पीड से उड़ सकती है . उनका यह भी कहना है कि यह जमीन के कई मंजिल नीचे बने बंकरों को भी तबाह करने की क्षमता रखती है. हमले का असर कीव के कई इलाकों में देखने को मिला. कई जगह आग लग गई और रिहायशी इलाकों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वोट लूटकर सत्ता में बैठे लोग, ममता ने 150 सीटों पर गड़बड़ी का दावा दोहराया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की गई और वोटों की लूट हुई, जिसके कारण उन्हें काउंटिंग सेंटर से बाहर कर दिया गया।



**लोकतंत्र पर उठाए सवाल**

### जहां हारे वहां जीत दिखाई गई: ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने दावा किया कि लगभग 150 सीटों पर परिणामों में हेरफेर किया गया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो उनकी पार्टी 220 से 230 सीटें जीत सकती थी। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वास्तव में विपक्ष चुनाव जीता है तो लोग संतुष्ट क्यों नहीं हैं? कुछ लोग माथे पर पट्टी बांधकर बाइक में निकल रहे हैं और लोगों के घर और पार्टी दफ्तरों को लूट रहे हैं। मां-बहनों के आत्मसम्मान को लूट रहे हैं। लोग खुलकर बोल भी नहीं पा रहे हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में चुनाव परिणामों के बाद हिंसा और अराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिंसा और लूटपाट में शामिल हैं, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि कई जगहों पर पार्टी दफ्तरों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आदिवासी समाज सनातन का अभिन्न हिस्सा, जनजातीय महाकुंभ में गरजे अमित शाह

नई दिल्ली (दावा)। राजधानी दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित विशाल जनजातीय महाकुंभ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आदिवासी समाज को सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए मतांतरण और सांस्कृतिक विघटन पर तीखा प्रहार किया।



**मतांतरण पर दी सख्त चेतावनी**

देशभर से पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक गीतों के साथ पहुंचे जनजातीय समुदायों के बीच शाह ने कहा कि यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि भगवान बिरसा मुंडा के उलगुलान के बाद देश को एक सूत्र में जोड़ने वाला सबसे बड़ा सांस्कृतिक आंदोलन है। इस समागम में विष्णुदेव साय, मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप समेत सैकड़ों जनजातीय समुदाय के लोग शामिल हुए। शाह ने कहा कि वनवासी समाज प्रकृति की पूजा करता है और यही परंपरा उसे सनातन संस्कृति से जोड़ती है। अपने भाषण में शाह ने बिना नाम लिए मतांतरण के मुद्दे पर भी कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान हर व्यक्ति को अपने मूल धर्म और परंपराओं के साथ सम्मानपूर्वक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दोबारा पास्टमॉर्टम के बाद ट्विषा शर्मा का अंतिम संस्कार, भाई मेजर हर्षित ने दी मुखाग्नि

भोपाल। नोएडा से भोपाल में विवाह के बाद आई 31 वर्षीय मॉडल और एक्ट्रेस त्विषा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला लगातार नए मोड़ ले रहा है। अब इस हाई-प्रोफाइल प्रकरण में सच्चाई की तह तक पहुंचने के लिए रविवार को भोपाल एम्स में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद यह प्रक्रिया की गई, जिससे मौत के कारणों को लेकर उठ रहे सवालों के जवाब तलाशे जा सकें। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करीब तीन घंटे तक चली। इसके बाद दिल्ली एम्स से आई विशेषज्ञों की टीम वापस रवाना हो गई। पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को ट्विशा की बॉडी सौंप दी गई। त्विषा को लाल जोड़े में अर्थी पर लिटाया गया। इस दौरान माहौल काफी भावुक हो गया। शाम करीब सवा पांच बचे भदभदा विश्राम घाट पर त्विषा का अंतिम संस्कार किया गया। त्विषा के भाई ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान भदभदा घाट पर मीडियाकर्मियों के जमावड़े के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। अनेक पूर्व सैनिक भी त्विषा के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उधर, इस मामले ने अब राष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान खींच लिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 24 मौतें: 82 लोग घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 82 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई।



ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई। फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की। फिलहाल किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही हैं।

### जाफर एक्सप्रेस को पहले भी निशाना बनाया गया

जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान रेलवे की एक लंबी दूरी की प्रमुख पैसेंजर ट्रेन है। यह ट्रेन बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पाकिस्तान के बड़े शहरों से जोड़ती है। यह बलूचिस्तान समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुकमा में नक्सलियों के चार डंप बरामद: जंगलों से हथियार-विस्फोटक मिले, लैपटॉप और वायरलेस सेट भी जब्त

जगदलपुर। सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संयुक्त सर्चिंग अभियान चलाकर नक्सलियों द्वारा जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक, वायरलेस उपकरण और अन्य नक्सली उपयोगी सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई आत्मसमर्पण कर चुके पूर्व माओवादियों से प्राप्त इनपुट और गोपनीय सूचनाओं के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से इन सामग्रियों को विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखा था। सभी अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर सुरक्षा बल सुरक्षित वापस लौट आए।



### कुकानार क्षेत्र से विस्फोटक सामग्री बरामद

17 मई 2026 को उप पुलिस अधीक्षक (वि.आ.शा.) रविकांत सहारे के नेतृत्व में जिला बल और विशेष आसूचना शाखा की संयुक्त टीम ने ग्राम गादम के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में 42 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 8 कंट्रीमेड हैंड ग्रेनेड, चार हैंड ग्रेनेड, लगभग 10 किलोग्राम जिलेटिन पाउडर से भरा स्टील कंटेनर, इलेक्ट्रिक वायर और कई खाली ड्रम शामिल हैं।

### तुमालपारा जंगल से हथियार और बीजीएल सेल जब्त

21 मई 2026 को थाना चिंतलनार क्षेत्रांतर्गत कैंप तुमालपाड़ से 201 वाहिनी कोबरा और 226 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने ग्राम तुमालपारा के जंगल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार और विस्फोटक डंप सामग्री बरामद की गई। सुरक्षा बलों ने चार भरमार बंदूक, एक ग्रेनेड, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# डोंगरगढ़ सुशासन कार्यक्रम में दिखा जनता का आक्रोश, भाजपा कार्यकर्ता ने अपनों को ही घेरा

**कहा- 'स्वयंभू' और अवसरवादी नेता पार्टी को अंदर से कर रहे खोखला, समय रहते निरंकुश प्रशासन पर कसें लगाम**



डोंगरगढ़ (दावा)। विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सुशासन कार्यक्रम के दौरान कई स्थानों पर आम जनता का भारी आक्रोश और विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इस अचानक उभरे जन-आक्रोश ने स्थानीय सरकार और प्रशासनिक महकमे को सकते में डाल दिया है। इस बीच, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सत्ताधारी दल भाजपा के भीतर से ही आत्ममंथन और कड़े विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं।

भाजपा के अंतिम पंक्ति के कर्मठ कार्यकर्ता महेंद्र कुमार अग्रवाल ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए पार्टी के कुछ पुराने और खुद को 'स्वयंभू' समझने वाले नेतृत्वकर्ताओं को सीधे तौर पर आगाह किया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि पार्टी को जनता के इस गुस्से से समय रहते सबक लेना चाहिए, अन्यथा भविष्य में इसके गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

चाटुकारिता के भरोसे चल रही राजनीति- अग्रवाल

कार्यकर्ता महेंद्र कुमार अग्रवाल ने स्थानीय राजनीति के कड़वे सच को उजागर करते हुए कहा कि आज वर्षों से जमे कुछ लोग केवल चाटुकारिता के भरोसे अपनी राजनीति चमका रहे हैं। वर्तमान में स्थानीय प्रशासन पूरी तरह निरंकुश हो चुका है और उस पर लगाम कसना बेहद ज़रूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आज सिर्फ अवसरवादियों और चापलूसों की पूछपरख हो रही है, जिनका आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। ये लोग केवल अपने निजी स्वार्थ और व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित कर डोंगरगढ़ में नेतागिरी चमका रहे हैं।

थाना-तहसील के चक्कर काट रही जनता, नेता गायब

अग्रवाल ने पुराने नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि अभी भी समय है, सुधर जाएं। केवल बड़े नेताओं की परिक्रमा करने के बजाय जनता के हितों का ध्यान रखें और उनके काम के लिए थाना, तहसील तथा कचहरी जैसे कार्यालयों का चक्कर लगाया करें। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जमीन पर काम करने वाले सच्चे और ईमानदार लोगों को जानबूझकर संगठन से दूर किया जा रहा है। कुछ स्वयंभू पुराने नेता अब पार्टी के लिए नासूर बन चुके हैं, जो अंदर ही अंदर संगठन को खोखला कर रहे हैं। इन्हें क्षेत्र की जनता के सुख-दुख से कोई मतलब नहीं है, केवल शीर्ष नेताओं से अपनी पहचान के बूते खुद को बड़ा साबित करने में जुटे हैं।

शायरी के जरिए प्रशासनिक व राजनीतिक व्यवस्था पर तंज

अपने बेबाक और अडिग रुख को स्पष्ट करते हुए महेंद्र कुमार अग्रवाल ने इन पंक्तियों के जरिए व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया-

'तुम्हारी सोच के साचे में ढल नहीं सकता,
जबान काट लो, लहजा बदल नहीं सकता।
मुझे भी मोम का पुतला समझ रहे हो क्या,
तुम्हारी लौ से ये लोहा पिघल नहीं सकता।।'

# छुईखदान में नहीं दिखा जल संकट, समय पर तैयारी से सभी वार्डों में मिल रहा पर्याप्त पानी - नम्रता देवी वैष्णव





*(देवेश सोनी)*

छुईखदान (दावा)। भीषण गर्मी के बीच जहां कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। वही नगर पंचायत छुईखदान के सभी वार्डो में इस वर्ष स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नगर के सभी वार्डो में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है और कही से भी जल संकट की कोई शिकायत सामने नहीं आई है। इससे नगरवासियों को बड़ी राहत मिली है और दैनिक जीवन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।



गौरतलब है कि पिछले वर्ष गर्मी के दौरान छुईखदान के कई वार्डो में गंभीर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण नलों में पानी नहीं पहुंच पा रहा था, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई परिवारों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ता था, वही टैंकरों पर भी निर्भरता बढ़ गई थी। इस स्थिति ने नगर पंचायत के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी।

इसी अनुभव से सबक लेते हुए नगर पंचायत के अध्यक्ष नम्रता देवी वैष्णव ने इस बार पहले से ही ठोस और योजनाबद्ध रणनीति तैयार की गर्मी शुरू होने से करीब दो महीने पहले ही नगर के विभिन्न वार्डो में नए बोर करवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। विशेष रूप से उन वार्डो को प्राथमिकता दी गई, जहां पिछले वर्ष पानी की समस्या सबसे अधिक देखने को मिली थी। बोरिंग कार्य को तेजी से पूरा कर जल स्रोतों को मजबूत किया गया, जिससे इस बार गर्मी के मौसम में जल आपूर्ति प्रभावित नहीं हुई समय रहते किए गए इन प्रयासों का ही परिणाम है कि नगर के सभी वार्डो में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो पाई है।

नगरवासियों ने इस व्यवस्था पर संतोष जताते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता देवी वैष्णव की सराहना की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समय पर की गई तैयारी और सही योजना के चलते इस बार उन्हें पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। कई लोगों ने इसे नगर पंचायत की अध्यक्ष की दूरदर्शिता और जिम्मेदारी का अच्छा उदाहरण बताया है। नगर पंचायत के अध्यक्ष के अनुसार पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जलस्तर पर नजर रखी जा रही है और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त उपाय भी किए जा रहे है ताकि आने वाले दिनों में भी किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

अध्यक्ष श्रीमति वैष्णव ने यह भी स्पष्ट किया है कि नागरिकों को पानी का उपयोग सोच-समझकर करने की आवश्यकता है ताकि संसाधनों का संतुलित उपयोग बना रहे और भविष्य में भी जलसंकट जैसी स्थिति न आए। नगर पंचायत छुईखदान की अध्यक्ष नम्रता देवी वैष्णव ने इस वर्ष समय रहते तैयारी कर यह साबित कर दिया है कि उचित योजना और तत्परता से बड़े से बड़े संकट को टाला जा सकता है। गर्मी के इस कठिन समय में भी नगर में पानी की पर्याप्त उपलब्धता प्रशासन की कार्यशैली और प्रतिबद्धता का एक सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आई है।

**नगरवासियों का क्या कहना है**

**मनवा महोबिया** – इस समय के गर्मी मे तापमान बहुत बढ़ा है, लेकिन नगर में कही भी लोगों को पानी की कमी नहीं हो रही रहा है। गर्मी में सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है। नगर पंचायत द्वारा इस बार पानी की व्यवस्था पहले से कर ली गई है।

**प्रकाश महोबिया** – पिछले वर्ष पानी के लिए हाहाकार मच गया था, जिसे देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा गर्मी से पहले ही बहुत सारे बोर खनन करवा लिए गए थे जिसकी वजह से इस वर्ष नगरवासियों को पर्याप्त पानी मिल रहा है।

**संजीव दुबे** – बढ़ती गर्मी की वजह से कई क्षेत्र में पानी की कमी लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही है, वही हमारे नगर में पानी की कमी गर्मी में किसी भी प्रकार से नहीं है, लोगों को पर्याप्त पानी मिल रहा है।

**निधि तिवारी** – पिछले वर्ष हम लोगों को ही पानी नहीं मिल पा रहा था दो से तीन दिन में टैंकर आता था तब पानी भर पाते थे। लेकिन इस वर्ष नगर पंचायत अध्यक्ष के दूरदर्शी सोच की वजह से नगर में पर्याप्त पानी मिल रहा है, किसी भी प्रकार से पानी की कमी नहीं है।

**सत्या सोनी** – गर्मी आने से पहले ही नगर में जगह-जगह बोर खनन करवा दिया गया था, जिसकी वजह से इस बढ़ती गर्मी में भी किसी भी प्रकार से पानी की कमी नहीं हो रही है। सभी को प्राप्त पानी मिल रहा है।

# इंदरचंद जैन की जयंती और शहीद उदय मुदलियार की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया स्मरण

राजनांदगांव(दावा)। शहर जिला कांग्रेस के प्रवक्ता प्रदीप बाबा राठौर ने 25 मई को कांग्रेस के दो वरिष्ठ और प्रेरणास्रोत नेताओं स्वर्गीय इंदरचंद जैन एवं शहीद उदय मुदलियार को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये दोनों नेता केवल कांग्रेस संगठन के मजबूत स्तंभ ही नहीं थे बल्कि राजनांदगांव कांग्रेस की नींव के पत्थर माने जाते हैं। श्री राठौर ने कहा कि 25 मई का दिन कांग्रेस परिवार के लिए बेहद भावुक और गौरवपूर्ण है।



**दोनों नेताओं ने संगठन, सेवा और विकास से राजनांदगांव को राष्ट्रीय पहचान दिलाई - प्रदीप बाबा राठौर**

इसी दिन जहां स्वर्गीय इंदरचंद जैन की जयंती मनाई जाती है, वहीं शहीद उदय मुदलियार की पुण्यतिथि भी है। दोनों नेताओं ने शहर जिला कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस और राष्ट्रीय कांग्रेस में संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ विकास कार्यों के माध्यम से राजनांदगांव को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय इंदरचंद जैन अपने पूरे जीवनकाल में मानव सेवा, पशु सेवा, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए सदैव समर्पित रहे। वे एक भामाशाह के रूप में जाने जाते थे और गरीब, जरूरतमंद तथा समाज के हर वर्ग की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित इंदरचंद जैन कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे।

राठौर ने बताया कि कांग्रेस भवन में उनके नेतृत्व और संरक्षण में प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रामायण अखंड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता था। कन्या विवाह, गरीबों की सहायता, धार्मिक आयोजनों एवं जनसेवा के अनेक कार्यों के कारण वे समाज में अत्यंत सम्मानित व्यक्तित्व थे। वहीं शहीद उदय मुदलियार, जिन्हें शहर के लोग प्रेम से उदय भैया कहकर पुकारते थे, हर नागरिक से पारिवारिक जुड़ाव रखते थे।

उन्होंने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में हजारों युवाओं, महिलाओं और पुरुषों को रोजगार दिलाने का कार्य किया। विधायक रहते हुए उन्होंने विधानसभा क्षेत्र एवं जिले के विकास और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

श्री राठौर ने कहा कि उदय मुदलियार ने कांग्रेस संगठन को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहर जिला कांग्रेस से लेकर प्रदेश कांग्रेस तक उन्होंने संगठन को मजबूती देने में अपना अहम योगदान दिया।

उनके नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एक सूत्र में बंधे रहे। उन्होंने बताया कि जब उदय मुदलियार शहीद हुए, उस समय वे बस्तर कांग्रेस के प्रभारी के रूप में संगठनात्मक जिम्मेदारी निभा रहे थे।

अंत में प्रदीप बाबा राठौर ने कहा कि स्वर्गीय इंदरचंद जैन और शहीद उदय मुदलियार जैसे नेताओं का जीवन कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके द्वारा किए गए जनसेवा, संगठन और विकास के कार्यों को राजनांदगांव कभी भुला नहीं सकेगा।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव के संबंध में आवश्यक समसामयिक सलाह

**राजनांदगांव (दावा)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लू से बचाव के संबंध में आवश्यक समसामयिक सलाह जारी की गई है। हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेंटीग्रेट या 104 डिग्री फेहरनहाईट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है।

हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेंटीग्रेट या 104 डिग्री फेहरनहाईट से अधिक हो जाता है, तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है, परिणाम स्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना लू के लक्षण है। लू से बचाव के के लिए धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पीये।

# कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल में गर्मी से मरीजों को मिलेगी राहत

राजनांदगांव, (दावा)। स्थानीय कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. रमेश मोहबे एवं डॉ .सौरभ मोहबे ने गर्मी में बढ़ते तापमान के मद्देनजर ओ पी डी के समय में परिवर्तन किया है । डॉ .सौरभ ने बताया कि बच्चों से संबंधित बीमारी के लिए सुबह 9 बजे से 2 बजे तक एवं शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक वे खुद उपलब्ध रहेंगे । इसी तरह अन्य प्रकार की परेशानी के लिए (एम डी ) डॉक्टर्स सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक 12 घंटे की ड्यूटी देंगे ।

# छत्तीसगढ़ की बेटी अमिता श्रीवास ने माउंट एवरेस्ट फतह कर रचा इतिहास, ऑक्सीजन की कमी से तबीयत बिगड़ी, काठमांडू में इलाज जारी




रायपुर (दावा)। प्रदेश के चांपा नगर की बेटी और पर्वतारोही अमिता श्रीवास ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह कर छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। करीब 8,848.86 मीटर ऊंची इस दुर्गम चोटी पर तिरंगा फहराकर उन्होंने साहस, मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। हालांकि अभियान के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए काठमांडू ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

**प्रदेश की बेटियों के लिए नई प्रेरणा**

जांजगीर-चांपा जिले के चांपा नगर की रहने वाली अमिता श्रीवास ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलता हासिल कर प्रदेश की बेटियों के लिए नई प्रेरणा प्रस्तुत की है। अमिता वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत हैं। नौकरी की जिम्मेदारियों के साथ उन्होंने पर्वतारोहण के क्षेत्र में लगातार अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

**पहले किलिमंजारो भी कर चुकी हैं फतह**

माउंट एवरेस्ट अभियान बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। बर्फीली हवाओं, अत्यधिक ठंड और ऑक्सीजन की कमी के बीच अमिता ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शिखर तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। इससे पहले भी वह अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो को फतह कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। एवरेस्ट फतह के बाद वापसी के दौरान अत्यधिक ऊंचाई और ऑक्सीजन की कमी के चलते उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। तत्काल उन्हें नेपाल की राजधानी काठमांडू ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरसंभव सहायता के दिए निर्देश**

मामले की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अमिता श्रीवास के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए अधिकारियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमिता ने अपने साहस और कठिन परिश्रम से पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। अमिता श्रीवास की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर चांपा सहित पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है। सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने उनकी सफलता को युवाओं और प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

# बसंत बंसोड़ का निधन



राजनांदगांव, (दावा)। मोतीपुर निवासी बसंत बंसोड़ का आज रात्रि निधन हो गया। वे 56 वर्ष के थे और सम्मान पब्लिकेशन में कार्यरत थे। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे बसंत बंसोड़ अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार कल सोमवार को प्रातः 11 बजे मोतीपुर स्थित मुक्तिधाम में होगा।

# लीलकुंवर सोनबाईर का निधन



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम फुलसुंदरी निवासी लीलकुंवर सोनबाईर का निधन 24 मई रविवार को तड़के हो गया है. वे ग्राम पटेल धर्मध्वज साहू, टुम्मनदास साहू एवं नीलांबरदास साहू की माताश्री हैं. उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया.

# धारदार हंसिये से काटा पति का प्राइवेट पार्ट, पत्नी के खौफनाक कदम से मचा हड़कंप

बिलासपुर। बिलासपुर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। चकरभाठा थाना क्षेत्र में एक महिला ने गहरी नींद में सो रहे अपने पति पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला ने धारदार हंसिये उससे प्राइवेट पार्ट को काट डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों ने घायल पति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूरा मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना देर रात की है जब पति राजेश कौशिक अपने घर में गहरी नींद में सो रहे थे। इसी दौरान उनकी पत्नी द्रोपती कौशिक ने उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमले में पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला द्रोपती कौशिक ने अपने बयान में कहा कि उसका पति लंबे समय से शराब का आदी था और अक्सर नशे की हालत में घर आकर परिवार के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करता था। महिला का आरोप है कि लगातार घरेलू हिंसा और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। उसने यह भी कहा कि कई बार समझाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गई।

**मौके पर पहुंची पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही चकरभाठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।








**आवश्यकता है**

दैनिक दावा में मार्केटिंग कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

-: संपर्क :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
संपर्क - 9300414726

**आवश्यकता है**

ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव
में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव

जल्दी संपर्क करें...
8103758669,
7999161135


# भिलाई के कार शोरूम में हाई वोल्टेज ड्रामा, महिला ने सीईओ पर फेंकी स्याही और जमकर की पिटाई



भिलाई (दावा)। चौहान ऑटोमोबाइल मारुति सुजुकी शोरूम में उस वक्त हंगामा मच गया जब एक महिला कर्मचारी ने कंपनी के ष्टश्वह्र अंकित आनंद पर छेड़छाड़ और गलत व्यवहार का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस की मौजूदगी में मामला अचानक हिंसक हो गया और महिला ने सीईओ पर स्याही फेंक दी। इतना ही नहीं, गुस्से में उसने उन्हें थप्पड़ मारने के साथ लात भी चलाई। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे मामला और गरमाता जा रहा है।

मामले ने उस वक्त तूल पकड़ लिया जब जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला कर्मचारी का गुस्सा फूट पड़ा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जैसे ही ष्टश्वह्र शोरूम ऑफिस में पहुंचे, महिला ने उनके चेहरे और शर्ट पर स्याही फेंक दी। इसके बाद महिला ने सीईओ को थप्पड़ मार दिया और लात भी चलाई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी बीच-बचाव की कोशिश करते रहे।

**पुलिस के सामने भी नहीं रुकी महिला**

घटना के समय वहां पुलिस अधिकारी मौजूद थे, लेकिन कोई महिला पुलिसकर्मी नहीं होने के कारण स्थिति को संभालना मुश्किल हो गया। पुलिसकर्मी केवल समझाइश देते नजर आए, जबकि महिला लगातार आक्रामक बनी रही।

**वीडियो हुआ वायरल**

पूरा घटनाक्रम शोरूम में लगे कैमरे या मोबाइल में रिकॉर्ड हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सीईओ को खुद को बचाने की कोशिश करते भी देखा जा सकता है, जबकि अन्य कर्मचारी मौके पर मौजूद थे लेकिन हस्तक्षेप नहीं कर पाए।

**पहले से दर्ज थी शिकायत**

जानकारी के अनुसार, महिला कर्मचारी पहले ही सीईओ के खिलाफ शिकायत दर्ज करा चुकी थी। उसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की थी और इसी दौरान यह घटना सामने आ गई। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर सीईओ के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

**जांच जारी, मामला संवेदनशील**

फिलहाल पूरा मामला जांच के दायरे में है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वायरल वीडियो के बाद यह मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।

# गढ़माता की पूजा के पश्चात राज बैगा द्वारा दी गई मुर्गे की बली पर ट्रस्ट ने आपत्ति जताई

### ट्रस्ट की शिकायत पर राज बैगा को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर भेजा जेल

**डोंगरगढ़ (दावा)।** मां बमलेश्वरी पहाड़ी के ऊपरी भाग पर स्थित बड़े चट्टान के पास गढ़ माता की पूजा के पश्चात राज बैगा द्वारा मुर्गे की दी गई बली पर ट्रस्ट समिति द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई। पुलिस ने ट्रस्ट की आपत्ति/ शिकायत के पश्चात राज बैगा किशोर नेताम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस रिमांड पर जेल भेज दिया है। एसडीओपी पुलिस के बताए अनुसार गढ़ माता की पूजा के पूर्व राजकुमार भवानी बहादुर सिंह एवं तहसील गौंड समाज द्वारा एस डी एम एम भार्गव (आई ए एस) से पूजा करने की अनुमति ली गई थी। तत्पश्चात 19 मई को पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में गढ़ माता की पूजा की गई।इस बीच राज बैगा किशोर नेताम द्वारा मुर्गे की बलि दी गई। जो बैगा पूजा



और सनातन पूजा के मध्य विवाद का कारण बनी।

### केवल सनातन वैदिक परंपरा से पूजा की अनुमति है, बलि प्रथा स्वीकार नहीं की जा सकती - अध्यक्ष मनोज अग्रवाल

गढ़ माता की पूजा के दौरान राज बैगा किशोर नेताम द्वारा मुर्गे की बलि देने की घटना के बाद बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने डोंगरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि इस घटना से मंदिर की पवित्रता और धार्मिक मर्यादा भंग हुई है तथा करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर में केवल सनातन वैदिक परंपरा से पूजा की अनुमति है और किसी भी प्रकार की बलि प्रथा स्वीकार नहीं की जा सकती। मामले में डोंगरगढ़ एसडीओपी केसरी नंदन नायक ने बताया कि ट्रस्ट समिति की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी किशोर नेताम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। मां बमलेश्वरी पहाड़ी के मध्य भाग में राज बैगा किशोर नेताम द्वारा बैगा पद्धति से की गई पूजा के बाद विवाद गहराया।

### गोंड समाज की ओर से अधिकृत बयान जारी नहीं किया गया

मंदिर क्षेत्र में मुर्गे की बलि और बैगा पद्धति से पूजा के मामले ने डोंगरगढ़ में वर्षों से चल रहे मंदिर ट्रस्ट और आदिवासी गोंड समाज द्वारा की जाने वाली पूजा पद्धति को लेकर फिर से टकराव होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राज बैगा किशोर नेताम की गिरफ्तारी के बाद से सामाजिक स्तर पर तनाव निर्मित हो गया है। वहीं दूसरी ओर इस संबंध में गोंड समाज की ओर से अधिकृत रूप से कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

### "प्रशासनिक अनुमति के बाद की गई पूजा - एसडीओपी केसरी नंदन नायक

**एसडीओपी केसरी नंदन नायक से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील गौंड समाज एवं राजकुमार भवानी बहादुर सिंह द्वारा प्रशासनिक अनुमति के पश्चात 19 मई को मां बलेश्वरी के ऊपर मंदिर में पुराने रोपवे के पास एक चट्टान को गढ़ माता मानकर बैगा पद्धति से पूजा-अर्चना की गई थी।**

# रेंगाकठेरा बगीचों से बाजार पहुंच रहा है खास आम




**डोंगरगांव (दावा)।** क्षेत्र के लंगड़ा आम की महक और स्वाद का जादू विदेशों में भी है. ग्राम रेंगाकठेरा स्थित बागीचों से आमों की कई किस्में डोंगरगांव बाजार में उपलब्ध हो रही है, जिसमें प्रसिद्ध वेरायटी लंगड़ा के साथ साथ दशहरी, चौसा, तोतापरी जैसे आम प्रमुख हैं. घुमरिया नदी किनारे स्थित बागीचों में रेंगाकठेरा निवासी चौथराम के बागीचे से बड़ी मात्रा में बगैर खाद, दवाई के आर्गेनिक आम तोड़कर सीधे बाजार में पहुंच रहा है, जो शहरवासियों के साथ ही डोंगरगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी स्टेट हाईवे में चलने वाले राहगीरों को भी उपलब्ध हो रहा है.

इस विषय में बहुत ही सरल स्वभाव वाले चौथराम बताते हैं कि उनके पिता ने आम के कुछ पेड़ लगाए थे, जिसे वे लगातार मेहनत कर बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और इस बार आम की फसल काफी अच्छी हुई है और उनका पूरा परिवार दिन-रात मेहनत कर आम को बाजार तक पहुंचा रहा है. नगर से लगे मोहड़ चौक में उनकी धर्मपत्नि की दुकान के साथ ही उनके निवास ग्राम रेंगाकठेरा में भी आमजनों के लिए यह खास आम उपलब्ध है। वहीं आम के शौकीन बागीचों तक पहुंचकर भी आम के स्वाद के साथ फोटोग्राफी का भी मजा ले रहे हैं।

# सम्मान समारोह में पूर्णिमा साहू और मनोज निर्वाणी का हुआ अभिनंदन



### सर्व हिंदू समाज का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)।** सर्व हिंदू समाज द्वारा अग्रहरि भवन, फौव्वारा चौक, जमातपारा में राजगामी संपदा की नवनिर्वाचित अध्यक्षा श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी के सम्मान में भव्य एवं विशाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती सविता बोस के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न समाजों एवं सामाजिक संगठनों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना, सरस्वती पूजन एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच संचालन श्रीमती ज्योति खंडेलवाल ने किया, जबकि वंदे मातरम् गीत की प्रस्तुति श्रीमती वंदना मिश्रा ने दी।

पुरुषोत्तम माह के अवसर पर आयोजित इस समारोह में भजन संध्या भी आकर्षण का केंद्र रही। कांति मौर्य, प्रीति जोशी, चंद्रेश जी, राधिका खंडेलवाल, वंदना सिन्हा, रंजना शर्मा, उमा राजपूत एवं कंचन लता मिश्रा सहित अन्य भजन गायकों ने शानदार प्रस्तुति दी। छोटे बच्चों ने भी मधुर भजनों से उपस्थितजनों का मन मोह लिया। राजगामी संपदा की प्रथम महिला अध्यक्षा बनने पर मातृशक्ति में विशेष उत्साह देखने को मिला। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाओं ने समारोह में पहुंचकर अपनी खुशियां व्यक्त कीं। समारोह में साहू समाज, कालीबाड़ी बंगाली समाज, गुजराती समाज, महेश्वरी समाज, राजपूत समाज, खंडेलवाल समाज, अग्रवाल समाज, गुप्ता समाज, कायस्थ समाज, तेलुगू समाज, अग्रहरि समाज, देवांगन समाज, महाराष्ट्रीयन समाज, सोनी समाज, मौर्य समाज, निर्मलकर समाज, बौद्ध समाज, सिन्हा समाज सहित करीब 25 सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन बहनों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

अतिथियों का स्वागत शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सविता बोस, ज्योति खंडेलवाल, अनीता सिंह, लुईषा वांदेले, प्रेमा सोनकर, अर्चना अग्रवाल, पंपा सिन्हा, जमुना साहू, संगीता शुक्ला, सुधा पवार, कमलेश्वरी, रितु रायजादा, मोना गोसाई, प्रतिमा साहू, अंजू अहिरवार एवं कंचन सकुरे सहित अनेक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ताला तोड़कर घर से नकदी रकम चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ (दावा)।** डोंगरगढ़ पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक घर का ताला तोड़कर नगदी रकम की चोरी करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। उक्त घटना के संबंध में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया कि प्रार्थिया कुंती बाई पति स्व. सुरेश बाई उम्र 65 वर्ष निवासी भगत सिंह चौक वार्ड क्रमांक 19 द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 22 मई शुक्रवार को अपने घर में ताला लगाकर अपने लड़के अनूप बाघ के साथ सपरिवार बाहर गई हुई थी। अगले दिन 23 मई शनिवार को सुबह लगभग 07:00 बजे वापस घर आने पर देखा कि घर के सामने दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर रखी आलमारी का लॉकर टूटा मिला। अज्ञात चोर द्वारा आलमारी में रखे नगदी रकम 60,000 रुपये चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 294/2026 धारा 331(4), 305 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक से दिशा निर्देश प्राप्त कर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी की गई।

### संदेह के आधार पर धरे गए आरोपी

विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आरोपी जेद अहमद पिता जफर अहमद उम्र 19 वर्ष निवासी भगत सिंह चौक वार्ड नं0 18 डोंगरगढ़ व पिंकू फरकुंडे पिता किशोर फरकुंडे उम्र 19 वर्ष निवासी रामनगर जेल रोड डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिनके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में प्र.आर. रूपेश देवांगन, आरक्षक किशन चंद्रा, आरक्षक अशोक यादव, आरक्षक लीलाधर मंडलोई, का सराहनीय योगदान रहा।

# राजनांदगाव मेला मड़ई एक शानदार व आनंद दायक आयोजन



**राजनांदगाव (दावा)।** गौरव पथ मैदान में विगत 5 दिन से आयोजित मेला मड़ई के शानदार आयोजन में कल शनिवार 23 मई को मंच पर राजनांदगाव के सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि की आसंदी पर थे। उनके साथ विशिष्ठ अतिथि सांसद प्रतिनिधि रुपचंद भीमनानी, राजगामी सम्पदा न्यास के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, दिग्विजय कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा, सांसद प्रतिनिधि जीवनदीप समिति हरीश शर्मा, देवशरण सेन की विशेष उपस्थिति रही। राजनांदगांव मंडई में छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुरुप सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों की जमकर सराहना हो रही है। राजनांदगाव के इतिहास में एक बेहद सफल आयोजन जिसमें प्रतिदिन, 5 से 7 हजार लोगों की सहभागिता हो रही है और इस मड़ई में पहुँचकर आनंद उत्सव कर रहे लोगों का भारी उत्साह देखते ही बन रहा है। इस शानदार आयोजन को अल्वा फांउडेशन के अध्यक्ष होमन देशमुख, सीईओ प्रीति गोयल, तुषार गुप्ता, आशुतोष सिंह अपनी पूरी टीम के साथ सफल नेतृत्व दे रहे हैं व जनता को यहां पहुँचकर हर्ष व उल्लास सुनिश्चित कर रहे हैं।

# टेड़ेसरा की लड़की ने इंस्टाग्राम से पहचान बनाकर की 3 लाख की ठगी

### युवक को सुनाई बीमारी और पारिवारिक प्रताड़ना की कहानी, मामले की शिकायत थाने में

**राजनांदगांव (दावा)।** आजकल किसी का मदद करने के नाम पर सामने आना खतरे से खाली नहीं है। ऐसे ही एक घटना शहर में हुई जिसमें एक लड़की ने नंदई के युवक से इंस्टाग्राम में हुई पहचान के बाद उसे बीमारी और पारिवारिक प्रताड़ना की कहानी सुनकर उससे 3 लाख रुपए ठग ली। पीड़ित युवक की शिकायत के बाद बसंतपुर थाने ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




पुलिस के अनुसार नंदई निवासी 21 वर्षीय ओम सोनकर ने उक्त मामले को लेकर टेड़ेसरा निवासी दामिनी उर्फ कविता कोचेकर, सोनल उर्फ बबीता कोचेकर और मोनू चिरोड़कर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शहर के युवक ओम सोनकर का आरोप है कि अप्रैल 2024 में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से दामिनी उर्फ कविता कोचेकर से हुई थी। शिकायत में युवक द्वारा कहा गया कि दामिनी ने खुद को ब्लड कैंसर, माइग्रेन और अन्य बीमारियों से पीड़ित बताई। दामिनी ने अपनी बहन सोनल और मोनू चिरोडकर के साथ मिलकर अलग-अलग बैंक खातों में राशि आनलाइन ट्रांसफर कराए।

### छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले में फंसा देने की धमकी

इस तरह उक्त युवक से कभी दो हजार तो कभी आठ हजार रुपए के हिसाब से लगभग 3 लाख रुपए ले लिए। इसके अलावा उन लोगों ने वीवो वी-50 मोबाइल की ईएमआई का भुगतान भी उससे करवा लिया। ओम सोनकर ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह एक छात्र है और भावनात्मक दबाव तथा उनकी झूठी बातों में आकर उन्हें लगातार रकम देता रहा। इसी माह जब उसे पूरे मामले में धोखाधड़ी का अहसास हुआ। तब उसने अपनी रकम उनसे वापिस मांगी तो आरोपियों ने छेड़छाड़ और दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसा देने व जेल भिजवा देने की धमकी दी। बसंतपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 308, 351 (2) और 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की जांच शुरू कर दी है। वहीं अलग अलग एंगल से भी मामले का पड़ताल भी किया जा रहा है।

# जोरातराई केस्ट कंपनी मजदूरों के आंदोलन का नहीं निकल रहा हल

### मजदूर नेताओं ने की प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

**राजनांदगांव (दावा)।** जिले के ग्राम जोरातराई स्थित केस्ट कंपनी के मजदूरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर विगत 10 दिनों से कंपनी के सामने धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन कंपनी की अड़ियल रवैए के कारण मजदूरों की जायज मांगों कर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे भीषण गर्मी के बीच धरना रत मजदूर का धैर्य का बांध टूटते जा रहा है और मांगे नहीं मानी जाने की स्थिति में ग्रामवासियों के जन समर्थन में अपने शांति पूर्ण आंदोलन को और भी तेज करने की बात कही गई है।

केस्ट कंपनी के मजदूर नेताओं व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष भीम राव बागड़े द्वारा इस संबंध में रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि जिले के जोरातराई में पिछले 22 वर्षों से केस्ट कंपनी संचालित है जिसमें 600 श्रमिकों के अलावा स्टाफ / एम्पलाई आदि मिलाकर कुल 800 कर्मचारी कार्यरत हैं उनमें से 600 श्रमिकों में से कुशल, अर्धकुशल श्रेणी अनुसार मात्र 90 मजदूरों का वर्गीकरण किया गया बाकी मजदूरों का वर्गीकरण नहीं किया गया।

बताया गया कि उक्त कंपनी में हरेक मजदूर को प्रतिमाह 1300 रुपए 1500 रुपए किसी को 2000 रुपए कम भुगतान किया जा रहा है। इस संबंध में शासन के श्रम विभाग में दिए गए मांग पत्र पर पिछले 7 महीने से बैठक जारी है. श्रम विभाग श्रम कानून का पालन नहीं करा रही है इसलिए सभी मजदूर अपने मशीनों में काम नही कर रहें है तथा पिछले 11 दिनों से कंपनी



के अंदर तथा कंपनी के बाहर बैठे हुए हैं। इन 11 दिनों में श्रम निरीक्षकों द्वारा जांच के अनुसार मैनैजमेंट को वर्गीकरण हेतु निर्देशित नहीं किया गया। जिला प्रशासन द्वारा गजिला कलेक्टर सहित सभी संबंधित विभागों में 4 मई को पत्र दिए थे। जिला प्रशासन द्वारा बैठक कराकर निराकरण नहीं कराया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि मैनैजमेंट द्वारा कंपनी का बैलेंस शीट श्रम विभाग में अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई जिससे वेतन बढ़ोतरी तथा बोनस कन निर्धारण किया जा सके। इस तरीके से कंपनी द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।

बता दें कि उनकी मांगे नहीं मानी जाने पर मजदूरों द्वारा कंपनी के सामने विगत 11 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जा रहा है। मजदूर जहां इस धरना प्रदर्शन में भीषण गर्मी के दिनों में भी अपने परिवार सहित बैठे हुए है साथ ही भोजन पानी की व्यवस्था खुद ही के द्वारा की जा रही है। इससे बावजूद भी मैनेजमेंट् के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही वहीं श्रम कानून का पालन करने के बजाय उल्टे मैनेजमेंट द्वारा मजदूरों से मारपीट कराने बाहरी लोगों का सहारा लिया जा रहा है। मैनेजमेंट धरना प्रदर्शन स्थल में बाहरी लोगों को शराब पिलाकर दो नंबर गेट से लाया था. पुलिस को सूचना देने पर पुलिस अधिकारियों द्वारा उन बाहरी लोगों का फोटो लिया गया तथा उन्हें वापस किया गया, इस तरह मैनेजमेंट द्वारा मजदूरों में मारपीट कराकर मजदूरों की मांगों को खत्म करना चाह रहा है ताकि मजदूरों का शोषण बरकरार रहे, मजदूर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में शांतिपूर्वक आदोलन कर रहे हैं इस आंदोलन में जनप्रतिनिधि तथा अन्य कंपनियों के मजदूर समर्थन के साथ भोजन सामग्री व आर्थिक मदद भी कर रहे हैं.

### ग्रामवासियों के समर्थन से गांव में निकाली जाएगी रैली

प्रेस वार्ता में भीम राव बागड़े ने बताया कि मैनेजमेंट की यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में गांव के लोग रैली निकालकर आम नागरिकों से समर्थन मांगेंगे और कंपनी के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा। मजदूर नेताओं ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि मजदूरों की न्यायोचित मांग को पूरा कराने ए.डी.एम., एडिशनल एस.पी. तथा श्रम विभाग की मध्यस्थता में बैठक कराई जाकर शासन के नियमों का पालन कराया जाये। प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व ऐक्टू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भीमराव बागडे सहित महासचिव पुनाराम साहू, अनिल उडसेना, मन्नू लाल, खिलेश्वर साहू, हराम साहू परमेश्वर बाई आदि मौजूद थे।

# युगांतर के दो विद्यार्थियों का देश के प्रतिष्ठित आई आई एम संस्थानों में चयन

**राजनांदगांव (दावा)।** युगांतर पब्लिक स्कूल के रजत चौबे पिता राजेश चौबे, माता मंजुलता चौबे तथा श्रीतिमा अग्रवाल पिता अनुपम अग्रवाल, माता अनुषा अग्रवाल का चयन देश के प्रतिष्ठित आई आई एम संस्थान में हुआ है। इन दोनों विद्यार्थियों ने अपनी लगन,मेहनत और समर्पण के बल पर इस सर्वश्रेष्ठ मुकाम को हासिल किया है।

उल्लेखनीय है कि रजत चौबे 2017 बैच का सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा । इसी तरह श्रीतिमा अग्रवाल 2020-21 बैच ने भी सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इन दोनों विद्यार्थियों ने केट एक्जाम में क्रमशः 97.5 तथा 99.76 परसेंटाइल के साथ भारत के तृतीय निर्फ रैंक प्राप्त आई आई एम कोझिकोड केरलम तथा भारत के पाँचवा निर्फ रैंक प्राप्त आई आई एम कोलकाता पश्चिम बंगाल में एडमिशन के लिए आयोजित साक्षात्कार के क्वालीफाई किया। फिर साक्षात्कार के बाद जारी रिजल्ट के आधार पर इन प्रतिष्ठित संस्थानों में इन विद्यार्थियों का एडमिशन के लिए चयन हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने दोनों विद्यार्थियों के



उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। उन्होंने आगे बताया कि आई आई कोझिकोड में मार्केटिंग और जनरल मैनेजमेंट के गुर सिखाए जाते हैं। सन् 1996 से यह संस्थान टीम भावना और कैस स्टडी पर जोर देकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसी तरह आई आई एम कोलकाता फाइनेंस और कंसल्टिंग पर ज्यादा जोर देता है। 1961 से स्थापित इस संस्थान का कोलकाता महानगर में होने कारण विद्यार्थियों को औद्योगिक अध्ययन का भी व्यावहारिक धरातल पर अवसर मिलता है। इन दोनों आई आई एम संस्थानों में युगांतर के विद्यार्थियों का चयन होना गौरव की बात है।

इन विद्यार्थियों ने भी साक्षात्कार के दौरान यह बताया कि उन्हें यह सफलता युगांतर के शैक्षणिक वातावरण के कारण अर्जित हो सकी है। उनको यहाँ के अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सतत मार्गदर्शन मिलता रहा है। यहां के प्राचार्य तथा डायरेक्टर्स भी बच्चों को पढ़ाई के लिए सदैव प्रोत्साहित करते रहते हैं तथा सुविधाओं में कोई कमी आने नहीं देते। उन्होंने आगे बताया केट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में एक-एक अंक के लिए बहुत जूझना पड़ता है। उन्हें इस परीक्षा की तैयारी में युगांतर के शैक्षणिक वातावरण का अप्रतिम सहयोग मिला है। उन्होंने कुशल प्रबन्धन की दक्षता हासिल करने के उद्देश्य से इस क्षेत्र का चयन किया । उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए माता-पिता और गुरू जनों ने सदा प्रेरित किया। युगांतर के शैक्षणिक वातावरण का ही यह परिणाम है कि आज युगांतर के बच्चे देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने बधाई दी है।

## युवा कांग्रेस चुनाव, 29 मई से 13 जून तक नामांकन

**रायपुर(दावा)।** छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस चुनाव की तारीखों का ऐलान रविवार को किया गया । चुनाव कार्यक्रम में 29 मई से 13 जून तक नामांकन भरे जाएंगे। नामांकन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 14 जून रख्री गई है। 15 से 18 जून तक नामांकन पत्रों की जांच भी होगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी जसप्रीत सिंह ने बताया कि अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए नामांकन लिए जाएंगे। नामांकन के साथ ही सदस्यता अभियान भी शुरू होगी। कार्यक्रमों की घोषणा के बाद दावेदार सक्रिय हो गए हैं, लेकिन इस बार उनकी राह आसान नहीं होगी। दरअसल, युवा कांग्रेस के चुनाव में वो ही लोग मतदान करेंगे, जो सदस्य है। चुनाव के साथ ऑनलाइन सदस्यता अभियान भी चलेगा। सदस्य बनाने के लिए 50 की जगह 75 रुपए का शुल्क लिया जाएगा।

## अनमोल दावा

> समय सबसे बड़ा शिक्षक है, इसके बीत जाने के बाद केवल पछतावा ही हाथ लगता है।

## संकट से सुरक्षा तक- छत्तीसगढ़ का बजटीय सुरक्षा कवच और भूमिहीनों का स्वर्णिम संबल

एक संवेदनशील और दूरदर्शी सरकार की असली पहचान संकट के समय उसकी त्वरित तत्परता और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से होती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का हालिया बजट इसी लोक-कल्याणकारी सोच का जीवंत प्रमाण है। यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राज्य के विकास का एक ऐसा विज़न डॉक्यूमेंट है जहाँ एक तरफ प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों को बचाने के लिए करोड़ों का अभेद्य वित्तीय सुरक्षा कवच तैयार किया गया है, वहीं दूसरी तरफ भूमिहीन मजदूरों और ग्रामीणों को स्थायी आर्थिक संबल देने के लिए सरकार ने अपनी तिजोरी के द्वार खोल दिए हैं।

**आपदा प्रबंधन का त्रिपल-लेयर अभेद्य किला**

बाढ़, सूखा, और आकाशीय बिजली जैसी अनिश्चित प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को पूरी तरह निष्प्रभावी करने के लिए साय सरकार ने देश के सामने आपदा प्रबंधन का एक बेहतरीन और अत्याधुनिक मॉडल पेश किया है। सरकार ने इसके लिए तीन स्तरों पर भारी-भरकम फंड अलॉट कर सुरक्षा चक्र को मजबूत किया है। जिसमे राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए 588 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत कार्य तुरंत और बिना किसी वित्तीय बाधा के शुरू हो सकें। राज्य आपदा शमन कोष के लिए 147 करोड़ रुपए का प्रावधान, जिसका मुख्य उद्देश्य आपदाओं के खतरों को पहले ही कम करना है। इसके साथ ही राष्टीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए 50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त मजबूती शामिल है।

इस बजट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह राशि केवल आपदा के बाद राहत पहुंचाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका एक बड़ा हिस्सा पूर्व चेतावनी प्रणालियों को अत्याधुनिक बनाने में खर्च होगा। तकनीक के इस अपग्रेडेशन से छत्तीसगढ़ में अब किसी भी आपदा की सटीक जानकारी समय रहते मिल जाएगी, जिससे जान-माल का नुकसान शून्य करने के संकल्प को पूरा किया जा सके। यह कदम राज्य को आपदा प्रबंधन के मामले में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में है।

**भूमिहीनों को 10 हज़ार रुपए की सम्मान राशि और स्वामित्व का नया सवेरा**

इस बजट का सबसे संवेदनशील और मानवीय चेहरा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाली योजनाओं में दिखाई देता है। सरकार ने समाज के सबसे कमजोर वर्ग को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए दो बेहद महत्वाकांक्षी कदम उठाए हैं। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के लिए सरकार ने 605 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट आरक्षित किया है। इसके अंतर्गत राज्य के हर पात्र भूमिहीन मजदूर परिवार को प्रतिवर्ष 10 हज़ार रुपए की सीधी आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह राशि न केवल गरीब परिवारों को सम्मान से जीने का हक देगी, बल्कि ग्रामीण बाजारों में तरलता बढ़ाकर छत्तीसगढ़ की आंतरिक अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान करेगी। स्वामित्व योजना ग्रामीण सशक्तीकरण के नए युग के रूप में देखा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐतिहासिक सुधार करते हुए सरकार ने 10 लाख 50 हजार हितग्राहियों को उनकी जमीन और मकान का मालिकाना हक सौंपने का विशाल लक्ष्य रखा है। यह कदम ग्रामीण भारत से वर्षों पुराने संपत्ति विवादों को हमेशा के लिए खत्म कर देगा। सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब गांव के लोग भी अपने घरों पर आसानी से बैंक लोन ले सकेंगे, जिससे स्वरोजगार और ग्रामीण उद्यमिता के नए रास्ते खुलेंगे।

**विज़न से हकीकत तक-सजग प्रशासन, सुदृढ़ छत्तीसगढ़**

निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ सरकार के पास इस विकास यात्रा के लिए पुख्ता नीति, आधुनिक तकनीक और पर्याप्त फंड तीनों मौजूद हैं। बस्तर से लेकर सरगुजा के वनांचलों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार करने, ग्रामीणों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने और नवगठित जिलों के प्रशासनिक अमले को हाई-टेक प्रशिक्षण देने के लिए सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह बजटीय सुरक्षा कवच और कल्याणकारी संबल न केवल छत्तीसगढ़ के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ रहा है, बल्कि सुशासन की एक ऐसी नई इबारत लिख रहा है जो आने वाले समय में पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय रोल मॉडल साबित होगी। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक युगांतकारी और ठोस कदम है।

# बस्तर के जंगलों से राष्ट्रपति भवन तक: जब गोडबोले दंपत्ति के मूक त्याग को मिलेगा देश का सर्वोच्च सम्मान

**गोडबोले दंपत्ति का आदिवासी समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए वर्षों तक किया गया निस्वार्थ कार्य आज की युवा पीढ़ी के लिए एक जीवंत प्रेरणा है। कल जब राष्ट्रपति भवन की भव्य दीवारें इन महान विभूतियों के योगदान की गूंज से गुंजायमान होंगी, तब पूरा छत्तीसगढ़ और देश फ़र्व से मुस्कुराएगा। यह 'पीपल्स पद्म' इस सत्य का उद्घोष है कि भारत अपने उन सपूतों को कभी नहीं भूलता, जो निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की नींव को मजबूत करने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं।**



भारतीय गणराज्य की गौरवशाली परंपरा में कल (सोमवार) एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में आयोजित भव्य नागरिक अलंकरण समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू देश के उन अनमोल रत्नों को 'पद्म पुरस्कार' से अलंकृत करेंगी, जिन्होंने बिना किसी प्रचार-प्रसार की इच्छा के समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों के जीवन को बदलने में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। हाल के वर्षों में देश ने पद्म पुरस्कारों के स्वरूप को बदलते और इन्हें वास्तव में 'पीपल्स पद्म' (जनता का पद्म) बनते देखा है। पहले जहाँ ये सम्मान महानगरों की चकाचौंध, रसूखदारों और सत्ता के गलियारों तक सीमित माने जाते थे, वहीं अब ये पुरस्कार सुदूर जंगलों, दुर्गम पहाड़ों, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और जनजातीय बस्तियों के उन साधकों तक पहुँच रहे हैं, जिन्होंने कभी किसी सम्मान की कामना ही नहीं की।

इसी कड़ी में कल का दिन विशेष रूप से छत्तीसगढ़ और मध्य भारत के जनजातीय समाज के लिए गौरव का अवसर बनने जा रहा है। बस्तर संभाग के सुदूर, दुर्गम और नक्सल प्रभावित वनांचलों में स्वास्थ्य सेवा, कुपोषण के खिलाफ संघर्ष, बालिका शिक्षा, नशामुक्ति और महिला सशक्तीकरण की अलख जगाने वाले छत्तीसगढ़ के तीन महान समाजसेवियों–डॉ. बुधरी ताती ('बड़ी दीदी') तथा प्रख्यात समाजसेवी दंपत्ति डॉ. रामचंद्र गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले–को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान 'पद्म श्री' से सम्मानित किया जाएगा। आइए विस्तार से जानते हैं कि क्यों इन विभूतियों का सम्मान पूरे राष्ट्र और मानवता के लिए गौरव का विषय है।

### डॉ. बुधरी ताती ('बड़ी दीदी'): 500 गाँवों तक पैदल पहुँचकर सामाजिक परिवर्तन की अलख जगाने वाली महानायिका

छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर स्थित दंतेवाड़ा जिले के हीरानार गाँव की रहने वाली डॉ. बुधरी ताती को बस्तर अंचल का जनजातीय समाज अत्यंत सम्मान और स्नेह के साथ 'बड़ी दीदी' कहकर पुकारता है। पिछले चार दशकों से अधिक समय से वे सुदूर वनांचलों में वनवासी कल्याण, बालिका शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के लिए अपना जीवन समर्पित किए हुए हैं। इसी मूक साधना और समाजसेवा के लिए उन्हें 'पद्म श्री' से सम्मानित किया जा रहा है। इन्हें अगले सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

### जब रास्ते नहीं थे, तब बनीं सहारा

डॉ. बुधरी ताती की सेवा यात्रा वर्ष 1984 में शुरू हुई थी, जब बस्तर के घने जंगलों में न सड़कें थीं, न मोबाइल नेटवर्क और न ही बुनियादी सुविधाएँ। उस दौर में आदिवासी समाज के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना किसी चुनौती से कम नहीं था। 'बड़ी दीदी' ने अबूझमाड़ और दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित घने जंगलों के बीच सैकड़ों गाँवों की पैदल यात्राएँ कीं। उस समय वनवासी परिवार पूरी तरह वनोपज और दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर थे, जिसके कारण बच्चों की शिक्षा उपेक्षित रह जाती थी। बुधरी ताती ने माता-पिता को धैर्यपूर्वक समझाया कि शिक्षा ही उनके बच्चों के भविष्य को बदल सकती है और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ सकती है।

### महिला सशक्तीकरण की नई इबारत

'बड़ी दीदी' ने केवल बच्चों को स्कूल भेजने तक अपना कार्य सीमित नहीं रखा, बल्कि आदिवासी महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सिलाई-कढ़ाई एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए। उनके प्रयासों से अनेक आदिवासी महिलाएँ आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर खड़ी हुईं। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी बेटियाँ आज विभिन्न अस्पतालों में नर्स के रूप में कार्यरत हैं।

मारिया और मुरिया जनजातीय समुदायों के बीच कार्य करते हुए उन्होंने देखा कि जागरूकता के अभाव में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर अत्यधिक थी। डॉ. बुधरी ताती ने पारंपरिक जनजातीय ज्ञान और आधुनिक स्वास्थ्य पद्धतियों के समन्वय से स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इसके साथ ही उन्होंने शराबखोरी, घरेलू हिंसा और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी व्यापक अभियान चलाया। सीमित संसाधनों से शुरू हुआ उनका यह प्रयास आज बस्तर के सामाजिक परिवर्तन की मिसाल बन चुका है।

जब समर्पण और मानवता की बात होती है, तब 'युगल श्रेणी' में दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों का महत्व और बढ़ जाता है। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचलों में चिकित्सा एवं सामाजिक सेवा की नई परिभाषा गढ़ने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले को संयुक्त रूप से 'पद्म श्री' से सम्मानित किया जा रहा है।

बस्तर संभाग दशकों से नक्सली हिंसा और भौगोलिक दुर्गमता की चुनौतियों से जूझता रहा है। ऐसे समय में, जब मुख्यधारा के डॉक्टर और सामाजिक कार्यकर्ता इन क्षेत्रों में जाने से कतराते थे, तब गोडबोले दंपत्ति ने अबूझमाड़ और आसपास के दुर्गम इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाया। उन्होंने अपने जीवन के कई महत्वपूर्ण वर्ष आदिवासी क्षेत्रों की सेवा में समर्पित कर दिए। उनका उद्देश्य था कि स्वास्थ्य सेवाएँ उन लोगों तक पहुँचें, जिनकी आधुनिक चिकित्सा तक पहुँच लगभग न के बराबर थी।

**कुपोषण और शिशु स्वास्थ्य के खिलाफ संघर्ष**

आदिवासी क्षेत्रों में गरीबी, जागरूकता की कमी और अंधविश्वास के कारण बच्चों में कुपोषण गंभीर समस्या बना हुआ था। गोडबोले दंपत्ति ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रयास किए– 1. कुपोषित बच्चों की पहचान कर स्थानीय स्तर पर पौष्टिक आहार योजनाओं को बढ़ावा दिया। 2. दुर्गम गाँवों में नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। 3. आदिवासियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर उन्हें आधुनिक चिकित्सा प्रणाली से जोड़ने का प्रयास किया।

### मानवीय सेवा का व्यापक स्वरूप

गोडबोले दंपत्ति का कार्य केवल दवाइयाँ बाँटने तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने आदिवासी समाज के समग्र कल्याण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया। उन्होंने युवाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य तकनीकों का प्रशिक्षण देकर ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया। उनकी निस्वार्थ सेवा के कारण बस्तर के अनेक आदिवासी उन्हें आज भी अत्यंत सम्मान और श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल: सुनिश्चित सफलता के लिए जीवन में प्राथमिकताएँ तय करना आवश्यक

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जीवन में कार्यों की प्राथमिकताएं तय करना आवश्यक है। मनुष्य के पास कई बार कार्यों की संख्या अधिक होती है, किंतु स्वाभाविक ही समय की दिशा एक ही होती है। जब उसे वर्तमान समय में एक से अधिक कार्य करने होते हैं, तो उसके सामने यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि वह पहले कौन सा कार्य करे। साथ ही एक कार्य करने के बाद प्राथमिकता क्रम में अगला, और उससे अलग-अलग आगे कौन-कौन सा कार्य करें, इसके निर्धारण की आवश्यकता होती है। इस प्राथमिकता क्रम का निर्धारण अत्यंत सोच समझकर करना चाहिए। कई बार सही प्राथमिकताएँ निर्धारित नहीं होने से मनुष्य के कार्य में गड़बड़ी होने लगती है। इससे कई महत्वपूर्ण कार्य पीछे छूट जाते हैं तथा समय एवं संसाधनों का अपव्यय होता है।

इसके विपरीत, प्राथमिकताएँ पहले से निर्धारित होने से सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य उचित समय पर हो पाता है। एक समय पर अनेक कार्य करने की क्षमता उत्पन्न होती है।

उदाहरण के लिए, युवाओं के सामने कैरियर निर्माण की चुनौती होती है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्री हेतु विषय का निर्धारण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, घर एवं परिवार संबंधी प्राथमिकताएँ एवं सामाजिक, सार्वजनिक जीवन में सफलता तथा योगदान का दबाव, इन सबके मध्य उचित संतुलन स्थापित करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता होती है। यहाँ कैरियर निर्माण के लिए आत्म आकलन के आधार पर उचित प्राथमिकता निर्धारित कर मार्ग चुनने से सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। एक यथार्थवादी निर्णय उसे कैरियर में सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचा सकता है और एक गलत निर्णय उसे सफलता पथ पर काफी पीछे धकेल सकता है।

इस विषय पर ये मौलिक पंक्तियां प्रस्तुत हैः-

नई-नई राहें मिलती हैं, सफर में ऐ मुसाफिर,  
जो सफल हैं, वे सही राह चुनना जानते हैं।



## कविता

### ॥ नटेरत हे घाम ॥

चुचवावत हे पसीना नटेरत हे घाम ,  
परान ल कइसे से बचावन हे, राम ।  
आगी -अंगरा कस लहकत हे दहकत हे,  
जिनगी होगे हमर मजबूरी के नाम द्यद्य  
जरत ले महंगाई अउ जरत ले घाम ,  
लक-लक ले सुभे अउ लक-लक ले शाम,  
हमर असन बर हे सिरिफ,  
काम अउ हे काम,  
जरत हावय जिनगी अउ जरत हाबे चाम  
तभोले नई मिले, काम के पुरतिन दाम।।  
चूचवावत हे पसीना...............  
अइसन गरमी के नदिया -नरवा  
सुखात हे ,  
पशु- पक्षी जंगल -झाड़ी सब्बो मुरझात हे।  
गरमी मे त्राहि -त्राहि होत हावे मइनखे  
कुछ्छु नई सुहावय फेर,, करे का जात हे,?  
टीघलत घाम मे श्रम के देवता ल हे प्रणाम  
चूचवावत हे पसीना ..............  
तन हा थके,,, फेर मन कभू झन हारे  
करम करइया मनखे हे ,राम जी सहारे।  
मेहनत हे जीना अउ मेहनत हे इंखर मरना,  
मेहनती जीवन में, मेहनत के ही दिया बारे।  
धूप -छांव के संगी,  
सरी दिन आना जाना हे काम  
चूचवावत हे पसीना नटेरट हे घाम।,  
जिनगी ल कइसे बचाबो,, हे ,राम द्यद्य



**पवन यादव 'पहुना'**  
**ग्राम- सुंदरा (राजनांदगांव**

### सू- दोकू क्र.048

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### सुनाने वाली खबर

अखबार उठाते ही  
बानी ने समाचार पढ़े  
''पेट्रोल-डीजल, और  
सीएनजी के दाम फिर बढ़े।''  
तो अब गजाधर!  
इस खबर पर आपका क्या कहना है?''  
भयानक गर्मी से परेशान  
गजाधर बोल उठे झुँझलाकर -  
''बानी! हमें चुप रहना है।''  
बानी को ऐसी आशा नहीं थी  
तो वे साश्चर्य पूछ उठे- ''क्यों?''  
गजाधर चिढ़कर बोले -  
''बानी ! वो यों,  
कि मेरा सोचना यही हैं  
यह कोई खबर ही नहीं है।  
देखो बानी! अगर  
पेट्रोल-डीजल, सीएनजी के  
दाम कम होते  
और अखबार पढ़ते  
तो हम खुश होते  
और कहते आपसे हाथ मिलाकर  
''बानी ! यह है पढ़ने  
और सुनाने वाली खबर ! ''  
रविवार 24 मई 2026



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल




आज का आपके लिए सार्थक रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ बढ़ेगी किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। आज जिगरी दोस्त की मदद से आपको कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आपको परिवार से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। स्टूडेंट्स को प्लैसमन्ट के ऑफर आएंगे। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।




आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। पूर्व नियोजित कार्य आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगा। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है।




आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कुछ नई योजना बना सकते हैं। आज आपको अच्छी खबर मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। किसी कार्य में अपनों की मदद आपको मिल सकती है। धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग आप कर सकते हैं। ये यात्रा सुखद भी रहेगी। आज आप किसी क्षेत्र में कुछ ऐसा करेंगे, जिससे आपको भरपूर मान सम्मान मिलेगा।




कर्क राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी। आप अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग और गंभीर रहेंगे।




आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको अपने सोच और व्यवहार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज आपको बड़े फैसले लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इससे आपको फायदा भी हो सकता है। व्यापार की स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस का काम रोज की तुलना में अधिक हो सकता है। सोच-समझकर बोलना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।




आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपके खुशमिजाज स्वभाव से सामाजिक रिश्ते मजबूत होंगे। आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे, धन लाभ होगा और कहीं अटका पैसा भी वापस मिल सकता है। आपको अपने कामकाज से जुड़े नए आइडियाज मिलेंगे।




आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। परिवार के कुछ मामलों को आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए। मित्रों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। आपको अपने खर्चों पर कमी करने की कोशिश करना चाहिए।




आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप आपको शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिये आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आज शुभ समाचार मिलने वाला है।आज मेहनत का पूरा फल आपको मिलेगा।




आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको खुश कर सकता है। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।




आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है7ऑफिस में काम की गति बढ़ेगी, इससे आपका काम समय से पूरा हो सकता है। किसी बात को लेकर भाई-बहन के साथ विचार करेंगे, किसी नये काम की योजना बना सकते है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं। आप नए काम पर सोच-विचार कर सकते हैं।




आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ा बड़ा मौका आपके सामने आयेगा। जिससे लाभ पाने में आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।




आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिलसकता है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहकर्मियों का सहयोग मिल सकता है। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -048


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतकार बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, बहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणेंद्रिय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल**



# घुमका चुनाव में कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत, दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का संध्याकालीन घुमका आगमन हुआ, जहाँ उन्होंने जिले के विधायकों, पूर्व विधायकों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक लेकर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने जारी बयान में बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के घुमका पहुँचते ही सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक कार्यक्रम स्थल तक लेकर गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित कांग्रेसजनों, वार्ड एवं अध्यक्ष प्रत्याशियों द्वारा दीपक बैज एवं अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि हम सभी को एकजुटता के साथ चुनाव लड़ते हुए घुमका में कांग्रेस की नगर सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई एवं कुशासन से जनता को अवगत कराते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करें। उन्होंने सभी नवनियुक्त वार्ड प्रभारियों से जिम्मेदारीपूर्वक चुनावी अभियान में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री धनेश पाटिला ने कांग्रेस शासनकाल में घुमका क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि कार्यों हेतु रुसे बांध से जल व्यवस्था, 30 बिस्तर अस्पताल, 33 केवी विद्युत व्यवस्था सहित अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य कांग्रेस पार्टी की देन हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं को प्राथमिकता दी।

घुमका चुनाव हेतु नियुक्त संयोजक एवं विधायक दलेश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा घुमका क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए अधोसंरचना, सड़क, सामुदायिक भवन एवं जनसुविधाओं से जुड़े अनेक कार्य कराए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्र के विकास हेतु पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई, जिसका लाभ आम जनता को मिला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने तथा कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से कार्य करने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि घुमका उपतहसील को तहसील का दर्जा दिलाने से लेकर आत्मानंद स्कूल, नगर सौंदर्यीकरण एवं महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य कांग्रेस सरकार की देन हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस चुनाव में जनता कांग्रेस पार्टी को ही जनादेश देगी।

क्षेत्रीय विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज क्षेत्र में जर्जर सड़कें, अस्पतालों एवं कॉलेजों में अव्यवस्था तथा विकास कार्यों की कमी स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े अधिकांश विकास कार्य कांग्रेस सरकार एवं कांग्रेस जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से ही संभव हुए हैं।



**घुमका से शुरू होगा परिवर्तन का बिगुल, कांग्रेस की नगर सरकार बनाना हमारा लक्ष्य**

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा ने कहा कि सरपंच कार्यकाल के दौरान उन्होंने जनता का विश्वास जीतते हुए अनेक विकास कार्य कराए हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस चुनाव में जनता का आशीर्वाद कांग्रेस प्रत्याशियों को मिलेगा।

अंत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जोशीले अंदाज में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की शुरुआत घुमका चुनाव से होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधियों एवं अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा ने क्षेत्र के विकास एवं जनता की समस्याओं के समाधान हेतु लगातार कार्य किया है, इसलिए पूर्ण विश्वास है कि जनता कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय दिलाएगी।

दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर आक्रामक हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में किसान, युवा एवं आम जनता का हर वर्ग महंगाई और कुशासन से त्रस्त है। कांग्रेस सरकार ने जहाँ किसानों के धान की सम्मानपूर्वक खरीदी की थी, वहीं भाजपा सरकार ने भौतिक सत्यापन के नाम पर ईमानदार किसानों को परेशान करने का काम किया, जिससे लाखों किसान धान बेचने से वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि किसान खाद संकट से जूझ रहे हैं तथा भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण पेट्रोल-डीजल सहित रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। भाजपा सरकार की नीतियों में आम जनता को राहत देने का कोई स्पष्ट विजन दिखाई नहीं देता।

अपने संबोधन में दीपक बैज ने अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा के सरपंच कार्यकाल के कार्यों की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे कांग्रेस की जनहितकारी सोच, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाएँ तथा भाजपा सरकार की विफलताओं से आमजन को अवगत कराते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील करें।

अंत में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनावी तैयारियों की विस्तार से जानकारी लेते हुए संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम में सभी प्रत्याशियों के अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, थानेश्वर पाटिला, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, जिला प्रवक्ता अनीस खान, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, पूर्व जिला अध्यक्षगण श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, भावगत साहू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, सुदेश देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, जिला महामंत्री राहुल तिवारी, पंकज बांधव, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू, अंगेश्वर देशमुख, कमलजीत सिंह पिंटू, अशोक फड़नवीस, हेमू सोनी, पूर्व गौ सेवा उपाध्यक्ष मन्ना यादव, राजकुमारी सिन्हा, विष्णु लोधी, प्रदीप शर्मा, रज्जू जॉन, चंद्रेश वर्मा, हेमंत वैष्णव, प्रवीण मेश्राम, दुर्गेश द्विवेदी, धीरज मेश्राम, मतीन खान, रमादेवी वर्मा, जय वर्मा, रतन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राम मूरत, वर्मा, केशव यादव, सेवक वर्मा, चुम्मन साहू, अमित अग्रवाल, रितेश जैन, शिशुपाल भारती, जितेन्द्र भाटिया, ललिनी मेश्राम, किरण मेश्राम, शशिकला, आरती महोबिया, लोकनाथ भारती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

# नेहरू स्टेडियम के विकास को लेकर एसडीएम के साथ पालिका अध्यक्ष द्वारा किया गया निरीक्षण

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर के खेल एवं युवा गतिविधियों को बेहतर दिशा देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे, अनुविभागीय अधिकारी एम. भार्गव (आईएएस) जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश चौरड़िया, नेहरू महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी डॉक्टर एम. नंदेश्वर सहित अन्य जनप्रतिनिधी और संबंधित गणमान्यजनों ने नेहरू स्टेडियम तथा कॉलेज मैदान का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे ने इस दौरान मैदान में उपलब्ध सुविधाओं देखा, खिलाड़ियों को होने वाली समस्याओं तथा भविष्य में विकास की संभावनाओं पर एस डी एम एम भार्गव (आईएएस) से विस्तार से चर्चा की गई।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मैदान की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए खिलाड़ियों एवं युवाओं के लिए बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्यजनों ने खेल मैदान में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर अपने विचार साझा किए। चर्चा के दौरान मैदान की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक संसाधन तथा मैदान के समुचित रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया।

### नेहरू स्टेडियम नगर के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्थान

निरीक्षण के दौरान उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश चौरड़िया ने कहा कि नेहरू स्टेडियम नगर के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्थान है और यहां पहले से उपलब्ध हरियाली एवं पानी की व्यवस्था अच्छी है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर आवश्यक सुधार और अतिरिक्त कार्य किए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। जिससे मैदान और अधिक उपयोगी एवं व्यवस्थित बन सके। उन्होंने कहा कि यदि मैदान को बेहतर सुविधाओं से जोड़ा जाए तो यह क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श खेल परिसर बन सकता है।

**एसडीएम ने जन प्रतिनिधियों से की विस्तृत चर्चा**

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए उपयुक्त स्थान

एस डी एम एम भार्गव से चर्चा के दौरान शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने विशेष रूप से उन युवाओं की समस्याओं को सामने रखा जो विभिन्न शासकीय भर्तियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिदिन मैदान में शारीरिक अभ्यास करने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है, जिससे उन्हें बेहतर वातावरण मिल सके और वे अपने लक्ष्य की तैयारी अधिक प्रभावी तरीके से कर सकें।

### स्टेडियम के विकास और संचालन के लिए एक विशेष समिति गठित करने के प्रस्ताव पर विचार

नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने इस अवसर पर स्टेडियम के विकास और संचालन के लिए एक विशेष स्टेडियम समिति गठित करने के प्रस्ताव पर विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समिति में ऐसे लोगों को शामिल किया जाना चाहिए जो मैदान और खेल गतिविधियों से सीधे जुड़े हों तथा मैदान की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझते हों।

### विकास से संबंधित उपयुक्त प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा - एसडीएम एम भार्गव (आई ए एस)

नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से चर्चा के उपरांत अनुविभागीय अधिकारी एम. भार्गव( आई ए एस) ने कह कि निरीक्षण के दौरान सामने आए सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा तथा जल्द से जल्द आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने का प्रयास किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों को शीघ्र गति मिल सके। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और प्रशासनिक सहयोग से खेल सुविधाओं में सुधार कर युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

# युवक कांग्रेस चुनाव को लेकर जिले में बढ़ी सियासी हलचल, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की तारीखों का ऐलान




**0 युवक कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है**

**0 खैरागढ़ जिला में युवक कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव में तीन पैनल की तैयारी जोरों पर**

खैरागढ़ (दावा)। युवक कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव को लेकर युवाओं में काफी उत्साह और जोश नजर आ रहा है,वही इनके पिछे बड़े और दिग्गज नेताओं का समर्थन प्राप्त है वे हर जिले और ब्लाक में अपने अपने पैनल तैयार कर चुनाव लड़ाने की तैयारी में है।

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से कांग्रेस संगठन, युवा कांग्रेस से जुड़े युवा नेता व कार्यकर्ता इस चुनाव का इंतजार कर रहे थे। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही जिलेभर में संभावित दावेदार सक्रिय नजर आने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक, जिले के बड़े कांग्रेस नेता और जनप्रतिनिधि अपने-अपने पसंदीदा युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। वहीं कुछ बाहरी प्रभावशाली नेताओं की भी जिले की राजनीति में सक्रियता बढ़ गई है, जो अपने करीबी युवा चेहरों को संगठन में आगे बढ़ाने की तैयारी में जुटे हैं।

### नगर पालिका चुनाव से भी जुड़ा है समीकरण

खैरागढ़ नगर पालिका चुनाव इसी वर्ष साल के अंत नवंबर-दिसंबर में प्रस्तावित है । ऐसे में युवा कांग्रेस का यह चुनाव राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नगर पालिका चुनाव में प्रचार-प्रसार, बूथ प्रबंधन और संगठन संचालन में युवा कांग्रेस की टीम की अहम भूमिका रहती है। इसी को देखते हुए कांग्रेस संगठन भी चाहता है कि खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में ऐसा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चुना जाए, जो मजबूत संगठन क्षमता रखने वाला, सक्रिय और राजनीतिक रूप से प्रभावी चेहरा हो।

### खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले में दावेदारों पर टिकी नजरें

फिलहाल संगठनात्मक चुनाव की तारीखों की घोषणा हुई है, लेकिन आने वाले दिनों में जिले की राजनीति और गर्माने के संकेत मिल रहे हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि युवा कांग्रेस के इस चुनाव में कितने दावेदार मैदान में उतरते हैं और आखिरकार खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले की युवा राजनीति की कमान किस युवा नेता के हाथों में जाती है।

# डॉ. आंबेडकर नगर में शुद्ध पेयजल हेतु बोर खनन

**धम्मदूत पूज्य भदन्त संघरत्न मानके जी के हाथों हुआ शुभारंभ**

डोंगरगढ़ (दावा)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में धम्मदूत पूज्य भदन्त संघरत्न मानके (राष्ट्रीय अध्यक्ष, पञ्ञा मेत्ता संघ) ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नगर, वार्ड नंबर 20, भुरवाटोला में जनकल्याण की भावना से बोर खनन एवं सबमर्सिबल पंप का दान कर शुभारंभ किया गया।प्रज्ञागिरी स्थित बुद्ध प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना के उपरांत डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नगर वार्ड नंबर 20 डोंगरगढ़ में उक्त बोरवेल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूज्य भदन्त संघरत्न मानके जी ने धम्मदेसना में कहा कि, यह शुद्ध जल बिना किसी भेदभाव के सभी को समान रूप से उपलब्ध होना चाहिए। जैसे प्रकृति समान रूप से सूर्य की रोशनी प्रदान करती है, ठीक वैसे ही जल भी सभी के लिए सुलभ होना चाहिए।



पूज्य भदन्त जी की करुणा एवं शुद्ध भावना से प्रेरित इस दान से अब पूरे डॉ. आंबेडकर नगर एवं भुरवाटोला क्षेत्र के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो गया है। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने पूज्य भदन्त संघरत्न मानके जी के प्रति हार्दिक आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की।पञ्ञा मेत्ता संघ की सेवा कार्य के विषय में भिक्षु धम्मशिखर ने बताया कि धम्मदूत पूज्य भदन्त संघरत्न मानके जी पञ्ञा मेत्ता संघ के माध्यम से पिछले 40 वर्षों से भारत भर के अनेक गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए बोरवेल एवं कुओं का निर्माण करवा रहे है। पञ्ञा मेत्ता संघ प्रज्ञागिरी का निर्माण, गढ़चिरौली के आदिवासी क्षेत्र में चलता फिरता दवाखाना, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अनाथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बालसदन जैसी अनेक सामाजिक गतिविधियां संचालित कर रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रजत गजभिए ,पल्लवी मेश्राम ,किरण मेश्राम ,पूनम सुरेखा वेनुगोपाल, अनिल लांडगे, डॉ मनोज गजभिए (डोंगरगढ़ शाखा अध्यक्ष) अनमोल बौद्ध, एच के आजाद, दीपक उके,भरत गड़पायले मीना घरड़े, स्वीटी डहाट, एवं नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी एवं बौद्ध अनुयायी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मंच संचालन पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ अध्यक्ष उपासिका ज्योति मेश्राम ने किया।

# वनांचल में विकास का नया सवेरा- पहली बार बिजली से जगमगाया कटेमा गांव

खैरागढ़ (दावा)। जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयासों से वनांचल क्षेत्र के ग्राम कटेमा ने विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 'पीएम-जगुआ योजना' के अंतर्गत आजादी के बाद पहली बार इस सुदूर वनांचल गांव को मुख्य विद्युत ग्रिड से जोड़ा गया है। वर्षों से लालटेन और ढिबरी के सहारे जीवन यापन कर रहे 27 परिवारों के घरों में जैसे ही बिजली का पहला बल्ब जला, पूरा गांव खुशी और उत्साह से झूम उठा। ग्रामीणों के लिए यह क्षण किसी उत्सव से कम नहीं था।





**'पीएम-जगुआ योजना' के तहत 27 परिवारों के घरों में पहुंची बिजली, ग्रामीणों में उत्साह का माहौल**

इस महत्वपूर्ण विद्युतीकरण कार्य के तहत विद्युत विभाग द्वारा दुर्गम वनांचल क्षेत्र में लगभग 12 किलोमीटर लंबी 11 केवी विद्युत लाइन एवं लगभग 1 किलोमीटर लंबी निम्नदाब (LT) लाइन का विस्तार किया गया। साथ ही ग्रामीणों की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु 63 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया है। यह कार्य कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल एवं CSPDCL के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के विशेष मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार पूर्ण किया गया। कार्यपालक निदेशक शैलेट तथा अधीक्षण अभियंता भीम सिंह कंवर के नेतृत्व में परियोजना को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा गया। विशेष रूप से खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे के सतत निरीक्षण एवं सक्रिय पर्यवेक्षण से वनांचल क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद तकनीकी चुनौतियों को दूर करते हुए कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया गया।।

बिजली सुविधा उपलब्ध होने से अब कटेमा गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा तथा ग्रामीणों को रात्रिकालीन गतिविधियों में सुविधा होगी। गांव के लाभार्थियों ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सुशासन तिहार-2026 खैरानवापारा समाधान शिविर बना जनसुनवाई का सशक्त मंच, 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उठाया लाभ

खैरागढ़ (दावा)। सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत छुईखदान के खैरानवापारा में आयोजित जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर जनभागीदारी और प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया। शिविर में खैरानवापारा क्लस्टर की 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे और अपनी मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ के लिए आवेदन दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को प्रदान किए जा रहे लाभों एवं सेवाओं की जानकारी ली। शिविर में कुल 967 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 798 मांग एवं 169 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा 137 हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण गांव स्तर पर ही हो तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सरलता एवं पारदर्शिता के साथ मिले। सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने समाधान शिविर को ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम बताते हुए अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने उद्बोधन में सुशासन तिहार को आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बताते हुए शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की बात कही।



**967 आवेदन प्राप्त, विभिन्न योजनाओं के तहत 137 हितग्राही लाभान्वित**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 09 हितग्राहियों को सांकेतिक चाबी एवं 07 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 02 महिला समूहों को बैंक ऋण वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 06 सुपोषण किट तथा 15 किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता किट दी गई। उद्यानिकी विभाग द्वारा 25 हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को वॉकिंग स्टिक वितरित की गई।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 323 आवेदन प्रमुख रहे। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु 42 आवेदन, मनरेगा योजनांतर्गत 64 आवेदन, राजस्व विभाग से संबंधित 38 आवेदन एवं खाद्य विभाग अंतर्गत 87 आवेदन प्राप्त हुए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में सर्वाधिक 474 आवेदन दर्ज किए गए। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, खाद्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, जनपद पंचायत सदस्य डोनार सिंह भेड़िया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय वर्मा, सरपंच प्रकाश जंघेल, सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत छुईखदान केश्वरी देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी टूर्नामेंट से हुआ बाहर

नईदिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आखिरी और अहम लीग मैच से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को एक बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी चोट के चलते टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं. ुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान रघुवंशी कैच लेने की कोशिश में वरुण से टकरा गए, जिससे उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया. उस मैच में दूसरी पारी के दौरान रघुवंशी की जगह तेजस्वी सिंह दहिया को बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था. कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से जारी बयान में कहा गया, बुधवार, 20 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच के दौरान कैच लेने की कोशिश में सिर में चोट और बाएं हाथ की उंगली में फ्रैक्चर होने के कारण अंगकृष रघुवंशी इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से बाहर हो गए हैं.ये केकेआर के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि रघुवंशी इस साल शानदार फॉर्म में थे. उन्होंने 13 मैचों में 422 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक भी शामिल हैं और उनका औसत 42.20 रहा. 2024 में टूर्नामेंट में अपने डेब्यू सीजन से अब तक उन्होंने 35 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34.03 के औसत और 145.55 के स्ट्राइक रेट से 885 रन बनाए हैं. आईपीएल 2026 प्लेऑफ की दौड़ काफी रोमांचक हो गई है, जिसमें आखिरी स्थान के लिए चार टीमें अभी भी आपस में मुकाबला कर रही हैं. पॉइंट्स टेबल में 13 मैच में 13 अंक के साथ केकेआर छठे स्थान पर है. उसने छह मैच जीते हैं, छह हारे हैं और एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला.

### पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में लाने की उठी जोरदार मांग

नई दिल्ली। देश में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जेब पर भारी असर डाला है। बीते मात्र आठ दिनों में ही तेल के दामों में तीन बार बढ़ोतरी दर्ज की जा चुकी है, जिसके बाद कई शहरों में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर का आंकड़ा पार कर चुका है। राजधानी दिल्ली में 23 मई को पेट्रोल की कीमत 99.51 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई। इस आसमान छूती महंगाई के बीच चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ईंधन को तुरंत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने की पुरजोर मांग की है, ताकि जनता को इस भारी-भरकम टैक्स से बड़ी राहत मिल सके।

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि वर्तमान में पेट्रोल और डीजल पर ग्राहकों से भारी टैक्स वसूला जा रहा है। दिल्ली के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पेट्रोल का वास्तविक (बेस) मूल्य महज 66.29 रुपये है। इस पर 11.90 रुपये की एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) और 16.03 रुपये का वैट लगता है, साथ ही डीलर का कमीशन मार्जिन 4.42 रुपये रहता है। कुल मिलाकर करीब 32 से 33 रुपये का भार सिर्फ टैक्स और मार्जिन के रूप में जनता उठा रही है। इसी तरह डीजल का असली दाम 67.36 रुपये है, जिस पर 7.80 रुपये एक्साइज, 13.39 रुपये वैट और 3.03 रुपये डीलर का मार्जिन जुड़ता है। जीएसटी लागू होने से ये अलग-अलग टैक्स पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी को लिखे अपने पत्र में बृजेश गोयल ने 'वन नेशन वन टैक्स' की अवधारणा का प्रमुखता से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू करते समय पूरे देश में एक समान टैक्स और एक समान रेट की बात कही गई थी। लेकिन पेट्रोल और डीजल को इससे बाहर रखने के कारण आज अलग-अलग राज्य अपनी मर्जी से मनमाना वैट वसूल रहे हैं। यही कारण है कि देश के हर राज्य में ईंधन की दरें अलग-अलग हैं।

### देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है : इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शनिवार को कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की ओवरऑल कोई कमी नहीं है। कुछ पेट्रोल पंपों पर सप्लाई में जो दिक्कतें सामने आई हैं, वे स्थानीय और अस्थायी हैं। आईओसी ने एक बयान में कहा कि यह छोटी-छोटी दिक्कतें कुछ क्षेत्रों में मांग और आपूर्ति के असंतुलन तथा बिक्री के बदलते पैटर्न की वजह से हुई हैं। कंपनी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और इन अलग-अलग समस्याओं को दूर करने के लिए जरूरी कदम उठा रही है, ताकि ग्राहकों को बिना रुकावट ईंधन मिलता रहे। बयान में कहा गया, हम ग्राहकों और आम जनता को आश्वस्त करना चाहते हैं कि देश में पेट्रोल और डीजल की ओवरऑल कोई कुल कमी नहीं है। कुछ रिटेल आउटलेट्स पर जो स्थिति दिखाई दे रही है, वह पूरी तरह स्थानीय और अस्थायी है। यह कुछ इलाकों में मांग-आपूर्ति के असंतुलन और बिक्री के बदले हुए पैटर्न के कारण हुई है। आईओसी के अनुसार, कुछ पेट्रोल पंपों पर मांग बढ़ने की वजह डीजल की मौसमी मांग में बढ़ोतरी रही, जो फसल कटाई के मौसम के दौरान देखी गई। इसके अलावा, निजी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कीमतें अपेक्षाकृत ज्यादा होने के कारण ग्राहक सरकारी पंपों की ओर शिफ्ट हुए। सार्वजनिक क्षेत्र के पंपों पर संस्थागत खरीद भी बढ़ी है। कंपनी ने कहा कि उसके 42,000 से ज्यादा पेट्रोल पंपों के नेटवर्क में केवल बहुत कम संख्या में आउटलेट्स पर सप्लाई बाधित हुई है।

# गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर दौड़ में रचा इतिहास, तेजस्विन शंकर डेकाथलॉन में 8000 पॉइंट्स पार करने वाले बने पहले भारतीय

रांची। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में भारतीय एथलेटिक्स ने आज एक ऐतिहासिक दिन देखा. पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह और तमिलनाडु के विशाल टीके ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर ट्रैक पर आग लगा दी. जबकि तेजस्विन शंकर डेकाथलॉन में 8000 अंक का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए.

सबसे पहले पुरुष 100 मीटर दौड़ में पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10.09 सेकेंड का समय निकाला और नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. उन्होंने शुक्रवार को सेमीफाइनल में 10.17 सेकेंड का समय निकाला था, जबकि फाइनल में अपने प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए स्वर्ण पदक जीता. इसके साथ ही उन्होंने 10.16 सेकेंड के ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स क्वालिफिकेशन मार्क को भी पार कर लिया.

गुरिंदरवीर ने पिछले वर्ष अनिमेष कुजूर द्वारा बनाए गए 10.18 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया. रेस के बाद गुरिंदरवीर सिंह ने कहा कि यह रिकॉर्ड इस बात का प्रमाण है कि वह अभी खत्म नहीं हुए हैं और उनके पैरों में अब भी दम बाकी है. उनके कोच जेम्स हिलियर ने कहा कि गुरिंदरवीर लगातार रेस प्लान को बेहतर तरीके से लागू करना सीख रहे हैं और आने वाले महीनों में उनका प्रदर्शन और निखरेगा.



हालांकि शुक्रवार को सेमीफाइनल में 10.15 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले ओडिशा के अनिमेष कुजूर फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे. उन्होंने 10.20 सेकेंड का समय निकाला. रिलायंस के प्रणव प्रमोद 10.29 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे. 100 मीटर फाइनल के कुछ ही मिनट बाद पुरुष 400 मीटर दौड़ में तमिलनाडु के विशाल टीके ने नया इतिहास रच दिया. उन्होंने 44.98 सेकेंड का समय निकालकर भारतीय सरजमीं पर 45 सेकेंड से कम समय में 400 मीटर दौड़ पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बनने का गौरव हासिल किया.

उन्होंने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड 45.12 सेकेंड बेहतर किया, जो पिछले वर्ष चेन्नई में बनाया गया था. विशाल टीके ने कहा कि उन्हें पहले से भरोसा था कि वह शनिवार को 45 सेकेंड की बाधा तोड़ देंगे. उन्होंने बताया कि उन्होंने इस रेस की पहले ही मानसिक तैयारी कर ली थी. उन्होंने कहा कि अब वैश्विक स्तर पर मुकाबलों में एथलेटिक्स प्रेमी उनके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे. ट्रैक इवेंट्स के अलावा डेकाथलॉन में तेजस्विन शंकर आकर्षण का केंद्र रहे. रिलायंस के तेजस्विन ने कुल 8057 अंक हासिल कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और 8000 अंक का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय डेकाथलीट बन गए. इससे पहले उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7947 अंक था, जो उन्होंने इसी वर्ष मार्च में बनाया था. उन्होंने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए निर्धारित 7787 अंकों के क्वालिफिकेशन मार्क को भी पार कर लिया.

महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में महाराष्ट्र की सुदेश्ना एच ने 11.56 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक जीता. तमिलनाडु की गिरिधरानी रविकुमार दूसरे और हरियाणा की तमन्ना तीसरे स्थान पर रहीं. महिला 400 मीटर में तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 52.22 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया. ऑल इंडिया पुलिस की अंसा बाबी दूसरे और जेएसडब्ल्यू की प्राची तीसरे स्थान पर रहीं. महिला 1500 मीटर में जेएसडब्ल्यू की पूजा ने 4:11.34 मिनट के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया. उत्तराखंड की अंकिता दूसरे और हरियाणा की अंजू तीसरे स्थान पर रहीं. महिला भाला फेंक में हरियाणा की शिल्पा रानी ने 56.46 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता. अनुभवी एथलीट अन्नू रानी दूसरे स्थान पर रहीं. महिला पोल वॉल्ट में तमिलनाडु की बारानिका एलंगोवन ने 4.10 मीटर की छलांग लगाकर नया मीट रिकॉर्ड बनाया.

## 'कई बार हम इंसान के तौर पर...', सुनील गावस्कर ने खिलाड़ियों के व्यवहार को लेकर दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाजों में शुमार सुनील गावस्कर ने रविवार को कहा है कि आज के समय में हर खिलाड़ी रोल मॉडल बनना चाहता है, लेकिन इंसान के तौर पर कई बार तय पैमानों पर खरा उतरने में फेल हो जाते हैं।

गावस्कर ने आईपीएल के मौजूदा सीजन के किसी भी मुद्दे पर बात किए बिना कहा कि सोशल मीडिया के लिए आम जनता तक कोई भी सूचना या संदेश पहले की तुलना में अब ज्यादा जल्दी पहुंचता है।

गावस्कर ने मिडविकेट स्टोरीज के लॉन्च के मौके पर कहा, ÷हालात को देखते हुए चीजें हो जाती हैं। ऐसा नहीं है कि आप युवाओं को हर चीज सिखाओगे। हर कोई फोटो खींच सकता है, यही हो रहा है। हर कोई कोशिश कर रहा है, आप



रोल मॉडल बनने कई बार तय पैमानों पर खरा उतरने में फेल हो जाते है

एक बार वहां पहुंचने की कोशिश करते हैं, बेस्ट रोल मॉडल बनना चाहते हैं। आपको इसी तरह से बड़ा किया जा रहा है। भारत के पूर्व कप्तान ने कहा, ÷आप बेस्ट रोल मॉडल बनना चाहते हैं, लेकिन हम सभी इंसान भी हैं। हम कई बार इस पैमाने पर खरा नहीं उतर पाते। आज के समय में सब कुछ सार्वजनिक मंच पर है, पुराने समय की तुलना में काफी पहले।

इस बीच गावस्कर ने अपने पुराने दिन याद किए जब टेस्ट मैच खत्म होने के बाद खिलाड़ी शाम को मिलते थे और घूमते थे। गावस्कर ने कहा, हम जब खेलते थे तब एक परंपरा हुआ करती थी कि जो टीम बल्लेबाजी कर रही है वो दूसरी टीम के ड्रेसिंग रूम में ड्रिंक्स लेकर आती थी। दिन के अंत में 20 मिनट हर किसी को आराम करने का मौका मिल जाता था। आईपीएल में आप देखते हैं कि मैच के बाद दोनों टीमें मिलती हैं और बात करती हैं। ये मुझे लगता है कि नई परंपरा है जो कि लोग एक-दूसरे से जाकर बात कर रहे हैं।

## 22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर: राहुल बोले- प्रधान के इस्तीफे तक नहीं रुकेंगे

### नीट मामले पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जाता।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैदराबाद में छात्रों के प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया। प्रदर्शनकारी छात्र नीट पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए गए। राहुल



गांधी ने अपने पोस्ट में कहा कि जब लाखों युवा सड़कों पर हों, 22 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हो और प्रधानमंत्री चुप रहें, तो यह साफ दिखाता है कि सरकार जवाब देने के बजाय बचने में लगी है।

उन्होंने कहा जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और फुलप्रूफ व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। गौरतलब है कि कांग्रेस लगातार नीट-यूजी परीक्षा रद्द होने के बाद शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा बनाए रखने में विफल रही है।

### राहुल गांधी के एनडीए सरकार गिरने वाले बयान पर फडणवीस का तंज

वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के एनडीए सरकार गिरने वाले बयान को लेकर पलटवार किया। नागपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी की बातें सिर्फ मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसी हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह दावा कि मोदी सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी, पूरी तरह कल्पना और दिवास्वप्न है।

## भारत हमारे करीबी सहयोगियों में शामिल, अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने बताया कब होगी ट्रेड डील

**नई दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत के चार दिनों के दौरे पर हैं. इस दौरान उन्होंने आजतक से खास बातचीत की और कई अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी. उन्होंने भारत और अमेरिका के रिश्ते, दोनों देशों के बीच होने वाली ट्रेड डील, क्वाड, समुद्री सुरक्षा और ईरान जैसे मुद्दों पर विस्तार से बात की.**

अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के लिए सिर्फ एक दोस्त नहीं है, बल्कि सबसे जरूरी रणनीतिक साथियों में से एक है. उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा, टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन यानी सामान पहुंचाने की व्यवस्था और दुनिया की बड़ी चुनौतियों पर साथ काम करने के मौके लगातार बढ़ रहे हैं.

रुबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ हुई मुलाकात को बेहद अच्छा बताया. उन्होंने कहा कि दोनों देश कई ऐसे मुद्दों पर मिलकर काम कर रहे हैं जो दोनों के लिए समान रूप से जरूरी हैं.



### प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा की तैयारी

अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा को लेकर भी बड़ी बात कही. उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि जी-20 सम्मेलन से अलग एक अलग और खास द्विपक्षीय यात्रा हो, यानी सिर्फ भारत और अमेरिका के बीच की बैठक हो. उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं और दोनों देशों के बीच तारीखों पर बात हो रही है. भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते यानी ट्रेड डील को लेकर रुबियो ने भरोसा दिलाया कि यह डील अब बस होने वाली है. उन्होंने कहा कि यह महीनों नहीं बल्कि हफ्तों की बात है. उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ टैरिफ यानी आयात पर लगने वाले टैक्स की बात नहीं है, बल्कि पूरी आर्थिक साझेदारी को नए जमाने के हिसाब से ठीक करने की बात है. नई इंडस्ट्री, नई टेक्नोलॉजी और बदलती जरूरतों को देखते हुए दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को अपडेट करना जरूरी है.

### क्वाड को सिर्फ बैठकों तक नहीं रखना

क्वाड चार देशों का एक समूह है जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं. रुबियो ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि क्वाड सिर्फ बैठकों और बयानों तक सीमित न रहे, बल्कि असल में कुछ काम हो. उन्होंने समुद्री सुरक्षा और जरूरी टेक्नोलॉजी को क्वाड के दो सबसे बड़े काम के क्षेत्र बताया. उन्होंने यह भी कहा कि इस साल चारों देशों के नेता मिलने की कोशिश करेंगे और उससे पहले विदेश मंत्रालय स्तर पर तैयारी की जा रही है ताकि बैठक में ठोस फैसले हो सकें. ईरान और पश्चिम एशिया की स्थिति पर रुबियो ने कड़ा रुख अपनाया.

## ज्योतिष चमत्कार ( 25 मई 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 15 | 21 | 34 | 41 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 23 | 32 | 42 | 54 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 31 | 43 | 53 | 67 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 45 | 52 | 68 | 70 |
| शुक्र | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 51 | 69 | 78 | 86 |
| शनि | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 60 | 76 | 87 | 98 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 74 | 81 | 95 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 82 | 93 | 01 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 84 | 92 | 02 | 19 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 91 | 03 | 18 | 26 |
| शुक्र | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 04 | 17 | 28 | 39 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 4 | 5 | 6 |
| स्पेशल | 18 | 47 | 53 | 62 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 30 | 69 | 75 | 84 |

**सप्ताह में देखें (कल्याण)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 79 | 98 | 75 | 37 | 97 | 68 |
| 95 | 13 | 95 | 51 | 34 | 18 |
| 14 | 14 | 32 | 20 | 93 | 78 |
| 89 | 64 | 31 | 24 | 00 | 13 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 63 | 85 | 71 | 29 | 27 |
| 71 | 34 | 48 | 25 | 66 |
| 79 | 04 | 68 | 01 | 85 |
| 79 | 96 | 22 | 30 | 93 |

**जनवरी 2025 से मई 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86-92
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-144-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-95 -99
1-146-290-777, 2-660-444,3-166 -111, 4-112-888, 5-366-447-555 6-556-222, 7-700-999, 8-189-288-666, 9-117-577- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**ट्रम्प बोले- ईरान के साथ ओबामा जैसी.....**

कहना था कि इससे ईरान को बड़ा फायदा मिल रहा है, जबकि यह गारंटी नहीं देता कि ईरान भविष्य में कभी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं करेगा। 2018 में ट्रम्प अमेरिका को इस समझौते से बाहर ले गए। इसके बाद अमेरिका ने फिर से कड़े प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि बराक ओबामा के दौर में हुआ ईरान परमाणु समझौता अमेरिका के इतिहास की सबसे खराब डील्स में से एक था। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि उस समझौते ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने का सीधा रास्ता दे दिया था।

ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार अभी ईरान के साथ जिस समझौते पर बातचीत कर रही है, वह ओबामा के समय हुई डील के बिल्कुल उलट है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने प्रतिनिधियों को जल्दबाजी न करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि वक्त अमेरिका के पक्ष में है। ट्रम्प ने साफ किया कि जब तक नया समझौता पूरी तरह तय होकर प्रमाणित और हस्ताक्षरित नहीं हो जाता, तब तक ईरान पर लगाया गया ब्लॉकेड पूरी ताकत से जारी रहेगा। ट्रम्प ने कहा, दोनों पक्षों को समय लेना चाहिए और चीजों को सही तरीके से करना चाहिए। इसमें कोई गलती नहीं हो सकती।

**फलता विधानसभा चुनाव रिजल्ट....**

ने जीत दर्ज की थी। तृणमूल के तमोनाश घोष ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी माकपा के अर्द्धेंदु शेखर बिंदु को 27,671 वोटों से हराया था। तमानाश को 86,966 व अर्द्धेंदु को 59,295 वोट मिले थे। फलता में सीट पर गत 21 मई को पुनमर्तदान हुआ था और 86.11 प्रतिशत की बंपर वोटिंग हुई थी। जहांगीर के हटने के बाद फलता में कुल पांच प्रत्याशी रह गए थे। मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस व वाममोर्चा में था। इस सीट पर पहले गत 29 अप्रैल को दूसरे व अंतिम चरण के तहत मतदान हुआ था, हालांकि विभिन्न पोलिंग बूथों में गड़बड़ी की शिकायतें मिलने के बाद चुनाव आयोग ने यहां दोबारा चुनाव कराने की घोषणा की थी, जिसपर तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि केंद्र सरकार व चुनाव आयोग जितना भी जोर लगा लें, यहां तृणमूल की ही जीत होगी। उसके बाद बेहद कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। केंद्रीय बलों की 35 कंपनियों व 30 क्विक रिस्पांस टीमों की तैनाती की गई थी।

**व्हाइट हाउस के पास अंधाधुंध....**

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नेसिर बेस्ट मानसिक रूप से बेहद कट्टर और भ्रमित था, जो खुद को यीशु मसीह समझता था। वह अपने पास एक अवैध रिवॉल्वर लेकर चेकपॉइंट की तरफ बढ़ा था और उसने सीधे सुरक्षा घेरे को निशाना बनाने की कोशिश की थी। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की विशेष टीमें इस बात की गहन जांच कर रही हैं कि इस हमले के पीछे कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय या घरेलू आतंकी नेटवर्क तो शामिल नहीं है। इस हमले के तुरंत बाद सुरक्षा को देखते हुए पूरे व्हाइट हाउस परिसर को कड़े सुरक्षा घेरे में ले लिया गया।

**सुप्रीम कोर्ट में 'कॉकरोच...**

प्रैक्टिस नहीं कर पाते क्योंकि बाजार में सस्ते और फर्जी डिग्री वाले लोग घुस चुके हैं। याचिका में इस पर भी जोर दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस दिशा में सख्त कदम उठाए। याचिका में यह भी कहा गया है कि सीबीआई या किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए ताकि असली वकीलों की इज्जत बचे और न्याय व्यवस्था मजबूत हो।

**कर्नाटक में बड़ा हादसा, नदी....**

इस बार बारिश की वजह से नदी का पानी अचानक और तेज हो गया, जो शायद उन्होंने भांपा नहीं. यह भी अभी साफ नहीं हुआ है कि मरने वालों में से कितने लोगों को तैरना आता था. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया. उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह बेहद दर्दनाक और दुखद घटना है. उन्होंने हर मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया. कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और विपक्ष के नेता आर. अशोका ने भी मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई. पीएमओ इंडिया की तरफ से बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि वो उन सभी लोगों के प्रति संवेदना रखते हैं जिन्होंने अपने परिजन खोए. पीएम मोदी ने (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये देने का ऐलान किया.

**यूक्रेन पर रूस का खौफनाक हमला.....**

भारी नुकसान हुआ. यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है. वहीं, एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत पर हमला होने के बाद आग भड़क उठी, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई. इसके अलावा, शहर के दूसरे हिस्सों में भी हमलों से नुकसान की खबर है. एक स्कूल की इमारत क्षतिग्रस्त हुई, जहां लोग सुरक्षित रहने के लिए शरण लिए हुए थे. इसके अलावा सुपरमार्केट, गोदाम और कई घर भी हमले की चपेट में आए. कीव की 55 वर्षीय निवासी स्वितलाना ओनोफ्रिचुक के अनुसार, उन्होंने पूरे युद्ध के दौरान ऐसी भयावह रात पहले कभी नहीं देखी. उनके मुताबिक, सब कुछ जलकर खत्म हो गया और अब उनके पास शहर छोड़ने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है.

**वोट लूटकर सत्ता में बैठे लोग,**

और नेताओं के घरों पर कब्जा किया जा रहा है और पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। आज रक्षक ही भक्षक बन गया है। उन्होंने कहा मैंने भी इतने वर्षों तक प्रशासन चलाया है। जो लोग पुलिस की वर्दी पहनकर काम करते हैं, उनके प्रति हमारी श्रद्धा है। इन लोगों ने मेरे साथ भी काम किया है, लेकिन हमने कभी इन लोगों को ये सब करने नहीं बोला। हम ऐसी चीजों पर भरोसा नहीं करते। बनर्जी ने कहा कि ऐसी स्थिति हो गई है कि अब किसी भी कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं मिल रही है। प्रतिदिन उनके निर्वाचित पार्षदों को गिरफ्तार किया जा रहा है और गुंडों द्वारा निगम पार्षदों के घरों पर कब्जा किया जा रहा है।

**आदिवासी समाज सनातन का अभिन्न हिस्सा....**

जीने का अधिकार देता है, लेकिन लोभ, लालच और जबरन मतांतरण का अधिकार किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में एक षड्यंत्र के तहत जनजातीय समाज को उसकी जड़ों और परंपराओं से काटने की कोशिश की जा रही है। अमित शाह ने अपने संबोधन में रामायण प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान राम ने शबरी के बेर खाकर और निषादराज के पांव धोकर यह संदेश दिया था कि वनवासी और सनातन संस्कृति अलग नहीं, बल्कि एक ही सांस्कृतिक चेतना के हिस्से हैं।

**दोबारा पास्टमॉर्टम के बाद.....**

सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रकरण पर स्वतः संज्ञान लेते हुए विशेष सुनवाई तय की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की विशेष पीठ सोमवार 25 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने मामले को एक युवती की उसके ससुराल में अप्राकृतिक मृत्यु से जुड़े कथित संस्थागत पूर्वाग्रह और प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के रूप में दर्ज किया है। इस टिप्पणी ने शुरुआती पुलिस और प्रशासनिक कार्रवाई पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास....**

हाल के सालों में बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक, सुरक्षा बलों और सरकारी ठिकानों पर कई बड़े हमले हो चुके हैं। यह ट्रेन जिन इलाकों से गुजरती है वहां बलूच लिबरेशन आर्मी का दबदबा है, इस वजह से इस ट्रेन को कई बार निशाने पर लिया गया है। पिछले साल BLA ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया। तब BLA ने 214 पैसेंजर्स को बंधक बनाने और 30 सैनिकों की हत्या की बात कही थी। बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे।

**सुकमा में नक्सलियों के चार डंप बरामद.....**

3 बीजीएल सेल, एक वायरलेस सेट, 6.6 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, सोलर बैटरी और मेडिकल किट सामग्री जब्त की। 23 मई 2026 को प्राप्त गोपनीय सूचना पर विशेष आसूचना शाखा और सुरक्षा बलों ने थाना चिंतलनार क्षेत्र के नागाराम जंगल में संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई दैनिक उपयोग और गतिविधियों में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में एके 47 रायफल के 29 राउंड, डेटोनेटर, चार्जर, वर्दी का कपड़ा, सेलो टेप, फेसवॉश और अन्य दैनिक उपयोगी सामान शामिल हैं।

# हज केवल एक इबादत नहीं, बल्कि इंसान की रूहानी तरबियत, अखलाकी इस्लाह और इंसानियत की खिदमत का सबसे बड़ा जरिया - हाजी रईस अहमद शकील





राजनांदगांव (दावा)। मुस्लिम समाज जामा मस्जिद के सदर एवं सामाजिक चिंतक रईस अहमद शकील साहब ने इस वर्ष हज-ए-बैतुल्लाह के मुबारक और मुकद्दस सफर पर रवाना हो रहे लोगों को मुबारक दी और कहा ये इनके जीवन का एक बेहद अहम, रूहानी और बरकतों से भरपूर अवसर है, जिसे वह गहरी आस्था, अदब और तवक्कुल के साथ अंजाम देने जा रहे हैं।

इस पाक-पवित्र यात्रा के दौरान सभी हाजी साहेबान अपने शहर, समाज, मुल्क और पूरी दुनिया के लिए अमन, सुकून, भाईचारे, मोहब्बत और खुशहाली की खास दुआ मांगेंगे। रईस अहमद शकील ने कहा कि हज केवल एक इबादत नहीं, बल्कि इंसान की रूहानी तरबियत, अखलाकी इस्लाह और इंसानियत की खिदमत का सबसे बड़ा जरिया है।

इस्लामी हज का महीना इस्लामी हिजरी कैलेंडर का 12वां और अंतिम महीना जुल-हिज्जा कहलाता है, इस महीने को हज का महीना इसलिए कहा जाता है, क्योंकि वार्षिक हज तीर्थयात्रा 8वीं से 12वीं तारीख तक इसी दौरान होती है, इसलिए जुल-हिज्जा इसे हज तीर्थयात्रा का महीना भी कहा जाता है। यह इस्लामी कैलेंडर का 12वां महीना है, इसी महीने में ईद-उल अजहा (बकरीद) भी मनाई जाती है। इसलिए यह हज का मुकद्दस सफर... हज करने वालों के लिए सिर्फ एक धार्मिक फरीजा नहीं, बल्कि एक रूहानी तजुर्बा, आत्म-शुद्धि और नए इमानी एहसास का जरिया भी है, इस दौरान वह पूरी इंसानियत के लिए रहमत, अमन और मोहब्बत की दुआ करेंगे, ये यकीन है कि जब समाज में अदल, इंसाफ और रहम-दिली का निजाम मजबूत होता है, तो दुनिया में खुद-ब-खुद सुकून और तरक्की पैदा होती है।

हाजी रईस अहमद शकील ने कहा शहर जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी और तमाम कमेटी के मुतवल्लियान, ईमाम हजरात, कमेटी ओहदेदार, मेंबर, जमातियों और तमाम हाजियों के अहबाब, अहल-ए-खाना और चाहने वालों ने हज में जाने वाले हाजियों को इस मुबारक सफर के लिए दिली मुबारकबाद और नेक तमन्नाएं दी हैं। हज के सफर में जाने वालों में हाजी एजाजुर रहमान, सैय्यद इकबाल हुसैन, हाजी अतहर रिजवी, शब्बीर अहमद, मोजजन सफी, उल्लाह अंसारी, रमजान अली, शब्बीर सब्बू सोलंकी, इमरान अंसारी, शेख याकूब, अक्कू भाई और हाजी फारूख मोहला की रवानगी हुई है। मुस्लिम समाज के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने कहा हज के मुबारक सफर पर रवाना होने वाले खुशनसीब लोगों का जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की ओर से इस्तकबाल किया गया।

वहीं आजमीने हज ने भी आवाम से अपनी कामयाबी और आसानी के लिए दुआओं की दरख्वास्त की। हज पर जाने वालों का जामा मस्जिद कमेटी इंतजामिया और जमाती भाइयों ने फूलों के हार से इस्तकबाल कर उन्हें मुबारकबाद पेश की गई, सभी चाहनें वालें लोग उनकी सलामती, कामयाब हज और खुशहाल वापसी के लिए

# लक्ष्मण झूला और ऑक्सीज़ोन की लंबित योजना बाबत् डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन - डॉ. डी.सी.जैन

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के नगर आगमन पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.डी.सी.जैन, उपाध्यक्ष हरजीत सिंह भाटिया, सचिव अमलेंदु हाजरा एवं संयोजक कचरू प्रसाद शर्मा ने स्पीकर हाउस में भेंट कर नगर की दो महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की।

समिति के अध्यक्ष डॉ.डी.सी. जैन ने अपनी माँगों के संबंध में डॉ रमन सिंह का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि, समिति की माँग पर उनके द्वारा शिवनाथ नदी मोहारा से ऑक्सीज़ोन भंवरमरा को जोड़ने हेतु लक्ष्मण झूला बनाने संबंधी योजना बजट में शामिल होने के बावजूद प्रशासकीय स्वीकृति के अभाव में योजना पर आगे कार्यवाही लंबित है।

इसी प्रकार समिति की वर्षों पुरानी माँग ऑक्सीज़ोन को पिकनिक स्पॉट बनाने संबंधी जिला पंचायत विभाग का प्रस्ताव स्वीकृति की प्रतीक्षा में राजस्व विभाग में लंबित है। डॉ.रमन सिंह ने दोनों योजनाओं की स्वीकृति हेतु संबंधी विभागों को लिखने का आदेश दिया है। आशा है दोनों योजनाओं को स्वीकृति शीघ्र प्राप्त हो सकेगी। इसके अतिरिक्त समिति के सदस्यों ने ऑक्सीज़ोन के अतिक्रमण नदी रेत की चोरी तथा वृक्षों की अवैध कटाई को रोकने तथा खनिज विभाग द्वारा ज़ब्त किए गए वाहनों को राजसात करने माँग की गई।

समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा समिति की दो महत्वपूर्ण योजनाएँ लक्ष्मण झूला एवं ऑक्सीज़ोन संबंधी माँग स्वीकृत करने के लिए डॉ रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम कौडूटोला के ग्रामीणों ने विधायक भोलाराम साहू से की मुलाकात



छुरिया (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम कौडूटोला के ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर विधायक भोलाराम साहू से उनके निज निवास में भेंट मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों में श्रीमती प्रभा मानकर, लीला बाई, कचरी बाई, ओम प्रकाश मार्गेय, आकाश मार्गेय, तुकाराम, खिलानंद भुआर्य एवं किरण भुआर्य शामिल रहे। ग्रामीणों ने विधायक को गांव में आवश्यक सुविधाओं, जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों की जरूरतों से अवगत कराया। विधायक भोलाराम साहू ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक पहल कर शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं ग्रामीणों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यों के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाएगा।

# बारिश से पहले सड़क मरम्मत की मांग तेज



**पाइप लाइन विस्तार के बाद सड़क बनी खस्ताहाल, हादसे की आशंका से वार्डवासी चिंतित**

राजनांदगांव(दावा)। वार्ड क्रमांक 36 लखोली स्थित सेठी नगर क्षेत्र में नई पाइप लाइन विस्तार कार्य के बाद सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क के बीचों-बीच खुदाई होने से पूरी सड़क दो हिस्सों में बंट गई है जिससे आम नागरिकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क खतरे का कारण बन चुकी है। बरसात का मौसम नजदीक आने के कारण स्थानीय लोगों में दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर चिंता बढ़ गई है।

इसी समस्या को लेकर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोगरे के नेतृत्व में वार्डवासियों ने नगर पालिक निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की। नागरिकों ने बताया कि, निगम द्वारा पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए नई पाइप लाइन डाली गई थी, जो सराहनीय कार्य है लेकिन पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने से जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लखोली नाका स्कूल से लेकर सेठी नगर बस्ती तक सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और मिट्टी फैली हुई है जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश शुरू होने के बाद यहां कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन जाएगी, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के स्लिप होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाएगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि, किसी बड़ी दुर्घटना से पहले निगम प्रशासन तत्काल सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य शुरू कराए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस दौरान मुख्य रूप से शुभम भीमकर, अमित भीमकर, राजेश कुशवाहा, सरद यादव सहित वार्ड के अनेक नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में बोईरडीह व जराही में विकास कार्यों का भूमिपूजन सम्पन्न

**गांवों के विकास के लिए लगातार जारी रहेंगे निर्माण कार्य**



राजनांदगांव (दावा)। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देते हुए ग्राम पंचायत बोइरडीह एवं ग्राम पंचायत जराही में विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और गांवों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दिखाई दी।

ग्राम पंचायत बोइरडीह में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता डिगेन्द्र सिन्हा, जनपद सभापति सांकेत वैष्णव, सरपंच महेश यादव, भाजपा मण्डल महामंत्री राकेश साहू, टूमन साहू, तिलेश्वर सिन्हा सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। भूमिपूजन के दौरान अतिथियों ने कहा कि, गांवों में सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं विकास की आधारशिला होती हैं। सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा गांव के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। इसी क्रम में ग्राम पंचायत जराही में पंचायत भवन परिसर में शेड रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम भी पूरे विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता डिगेन्द्र सिन्हा, सरपंच बलराज साहू, बोइरडीह सरपंच महेश यादव, भाजपा घुमका मण्डल के पूर्व अध्यक्ष जागेश्वर साहू, भाजपा मण्डल महामंत्री राकेश साहू, टूमन साहू, तिलेश्वर सिन्हा सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे तथा जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्यों की शुरुआत पर खुशी जाहिर करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। दोनों ग्राम पंचायतों में आयोजित इन कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सक्रियता से कार्य कर रहे हैं।

# भूमि मेश्राम ने 95.2 प्रति. अंक अर्जित कर बढ़ाया राजनांदगांव का गौरव



राजनांदगांव (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, राजनांदगांव की मेधावी छात्रा भूमि मेश्राम ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार एवं शुभचिंतकों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

भूमि मेश्राम शिक्षक नगर, वार्ड क्रमांक 12, स्टेशन पारा, राजनांदगांव निवासी चंद्रकुमार मेश्राम एवं श्रीमती केसर मेश्राम की सुपुत्री तथा श्री बिहारी लाल मेश्राम की पौत्री हैं। बचपन से ही मेधावी एवं अनुशासित रही भूमि ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।भूमि की सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, समाजजनों, मित्रों एवं रिश्तेदारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। परिजनों ने इस सफलता का श्रेय भूमि की कठिन मेहनत, माता-पिता के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। भूमि ने अपनी सफलता का संदेश देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास एवं समय का सही उपयोग ही सफलता की कुंजी है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## सहायक कोषालय अधिकारी (वित्त) राकेश कुमार हेड़ाउ लायजन अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। नगरपालिकाओं के आम व उप निर्वाचन 2026 हेतु जिले के लिए नामनिर्दिष्ट व्यय प्रेक्षक संयुक्त संचालक (वित्त) संचालनालय कोष एवं लेखा प्रेमलाल साहरा के व्यवस्था एवं समन्वय के लिए सहायक कोषालय अधिकारी (वित्त) जिला कोषालय राजनांदगांव व प्रभारी उप कोषालय अधिकारी डोंगरगढ़ राकेश कुमार हेड़ाउ को लायजन अधिकारी नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक प्रेमलाल साहरा का मोबाईल नंबर 7470363030 एवं लायजन अधिकारी राकेश कुमार हेड़ाउ का मोबाईल नंबर 7898961104 है।

# स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी ने धमतरी में 'स्पीच एवं स्पेशल एजुकेशन वर्कशॉप' में दी अपनी सेवाएं



राजनांदगांव (दावा)। धमतरी गौरवपथ रोड स्थित अर्पिता स्पेशल एजुकेशन एंड स्पीच क्लास के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य उन बच्चों को उचित मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करना था, जो तुतलाने, हकलाने, शब्दों का सही उच्चारण न कर पाने तथा ऑटिज्म जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ सहभागिता की।

गौरतलब है कि, वर्कशॉप में राजनांदगांव की प्रसिद्ध स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने बच्चों की समस्याओं का परीक्षण कर अभिभावकों को आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही बच्चों के व्यवहार, भाषा विकास और संचार क्षमता को बेहतर बनाने के लिए कई उपयोगी सुझाव भी साझा किए।

इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे उनकी बोलने, समझने और अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने का प्रयास किया गया। अभिभावकों ने भी विशेषज्ञों से संवाद कर बच्चों की समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी प्राप्त की। वर्कशॉप में बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर लाभ पहुंचा, जिससे अभिभावकों में सकारात्मक उम्मीद जगी।

कार्यक्रम में अर्पिता स्पेशल एजुकेशन एंड स्पीच क्लास की संचालिका एवं स्पेशल एजुकेटर मेघा तिवारी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विशेष बच्चों के विकास और समाज में उनकी बेहतर सहभागिता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अभिभावकों ने संस्था और विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया।

## ग्रामीणों ने चोर को रस्सी से बांधकर पीटा

कोरबा। कोरबा जिले में चोर को चोरी की तालीबानी सजा मिली है। ग्रामीणों ने शातिर चोर को ना सिर्फ रंगे हाथों पकड़कर उसे रस्सी से बांध दिया, बल्कि उसकी जमकर पिटाई भी की। इस तालिबानी सजा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव का है। बताया जा रहा है कि मोहनपुर और आसपास के इलाकों में पिछले लंबे समय से मवेशियों और खेतों से बोर पंप चोरी होने की वारदातें सामने आ रही थीं, जिससे ग्रामीण बेहद परेशान थे और चोरों की ताक में थे। चोर के पकड़े जाते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने चोर को रस्सी से बांध दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

# सुशासन तिहार 2026: देववाडवी क्लस्टर में जन समस्या निवारण शिविर, 946 आवेदन प्राप्त



मोहला (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 20 मई को जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत देववाडवी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों को सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। शासन-प्रशासन गांव की ओर पहुंचकर लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहा है, जिससे आम नागरिक सीधे प्रशासन से जुड़ सकें और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें।

देववाडवी क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत देववाडवी, अरजकुंड, भर्रीटोला, कौड़ीकसा, देवरसुर, मुरेठीटोला, तारमटोला, नीचेकोहड़ा, कुदुरघोड़ा एवं दोडके सहित कुल 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शिविर में शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें से संबंधित कुल 946 आवेदन विभागों के समक्ष रखीं, जिनके निराकरण हेतु अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई।

क्लस्टर देववाडवी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर की विशेष थीम 'जल संचयन एवं जनभागीदारी' रही। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं जल संचयन को बढ़ावा देने की शपथ ली। शिविर में सांस्कृतिक दल द्वारा जल संरक्षण विषय पर नाटक एवं जनजागरूकता प्रस्तुति दी गई, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को जल बचाने, वर्षा जल संग्रहण करने तथा जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम जनता को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री वितरण, प्रमाण पत्र, सहायता राशि एवं अन्य लाभ प्रदान किए गए। स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों ने योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त कर लोगों की समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि, शासन की मंशा है कि, प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा जनहितकारी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुनऊराम फुलकावरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता सोरी, सदस्य श्रीमती सुरेखा मांडवी, सदस्य शत्रुघ्न चुरेंद्र, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम सहित स्थानीय सभी जनप्रतिनिध, सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी द्वारा किसानों को दी गई मौसम आधारित समसामयिक सलाह

राजनांदगांव (दावा)। जिले एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में हरी खाद जैसे मूंग, ढैंचा या सनई की बुवाई का सबसे उपयुक्त समय 15 मई से जून के अंत तक है। खरीफ की मुख्य फसल जैसे धान की बुवाई या रोपाई से लगभग 45-50 दिन पहले हरी खाद बोनी चाहिए। हरी खाद के प्रबंधन अंतर्गत मानसून की पहली बारिश के साथ या पर्याप्त सिंचाई सुविधा होने पर 15 मई के बाद इसकी बुवाई शुरू कर सकते हैं।

राजनांदगांव और आसपास के क्षेत्रों के लिए मूंग, ढैंचा और सनई सबसे बेहतर विकल्प माने जाते हैं। जब हरी खाद की फसल 35 से 40 दिन की हो जाए और उसमें फूल आने शुरू हो, तब उसे रोटावेटर या हल की मदद से मिट्टी में दबा दें। इससे मिट्टी में नाइट्रोजन और जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, जिससे रासायनिक उर्वरकों जैसे यूरिया पर निर्भरता कम होती है।

वर्तमान समय में किसान अपने खेतों की मृदा जांच कराएं एवं जांच उपरांत मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों के अनुरूप उचित एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करें। जिससे मृदा स्वास्थ्य एवं रासायनिक उर्वरकों का दुष्प्रभाव कम हो सके। साथ ही साथ किसान खरीफ फसल की बोनी के पूर्व खेतों में लगने वाले कृषि यंत्र एवं उपकरणों की व्यवस्था कर आवश्यक मरम्मत कर लें और मिट्टी पलट हल (एमबी प्लाव) का प्रयोग गहरी जुताई हेतु करें एवं पॉलिथीन से ढंक दें। जिससे खरपतवार, मृदा जनित बीमारी एवं कीड़ों के अंडे नष्ट हो जायेगें। धान की सीधी बुवाई हेतु उचित समय मानसून के पूर्व मई के अंतिम सप्ताह से जून के द्वितीय सप्ताह तक करें।

किसान को खरीफ में जिन फसलों की बुवाई करनी हो उनकी उन्नतशील जातियों के बीज जैसे- धान (इंद्रावती धान, एमटीयू 1153, विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान 1919 इत्यादि), सोयाबीन (आरएससी-10-46, आरएससी -11-15, आरएससी - 11-07 इत्यादि), अरहर (छत्तीसगढ़ अरहर 1, छत्तीसगढ़ अरहर 2, राजीवलोचन इत्यादि), मक्का (पूसा हाईब्रिड 1, विवेक मक्का संकर 51, सीजी अगेती संकर मक्का-1 इत्यादि) एवं मूंग (पीकेवीएकेएम-4, मालवीय ज्योति, शिखा इत्यादि) की व्यवस्था जरूर कर लें। फल उद्यान (बाग) लगाने के इच्छुक किसान 1*1*1 मीटर का गढ्डा तैयार कर उसे उपचार हेतु धूप में खुला छोड़ दें, साथ ही लगाने हेतु फलों की किस्मों जैसे- आम की किस्म- दशहरी, लंगड़ा, छत्तीसगढ़ नंदीराज एवं अमरूद की किस्म इलाहाबाद सफेदा, लखनऊ-49 आदि का चयन कर पौध लाने की व्यवस्था करें। केला एवं पपीता के पौधों में टपक सिंचाई की व्यवस्था होने पर प्रतिदिन शाम के समय एक घंटा सिंचाई करें तथा बाढ़ पद्धति से प्रत्येक 3-4 दिनों में सिंचाई करें।

पपीता फल के बीज रोपण का कार्य मौसम साफ रहने पर करें। इसे पालीबेग में लगाये, ताकि मानसून आते ही मुख्य खेत में लगा सके। पपीता के उपयुक्त किस्म पूसा नन्हा, पूसा डवार्फ का चयन किसान कर सकते हैं। फल वृक्षों में थाला का निर्माण करें। खाद एवं उर्वरक की संतुलित मात्रा का प्रयोग करें। वर्षाकालीन सब्जी वाली फसलों जैसे - भिंडी, भटा, मिर्च, खीरा, कद्दू, लौकी, मूली, फूलगोभी इत्यादि फसलों की खेती के लिए खेत की तैयारी करें एवं बीजों का व्यवस्था करें। भिंडी एवं भटे में फल बेधक कीटों से बचाने हेतु 10 फिरोमेन ट्रेप प्रति एकड़ लगाए तथा कीट ग्रस्त पौधे के ऊपरी मुरझाएं हिस्से को मसलकर तोड़ देवें। दुधाः पशुओं को दिन में 4-5 बार ताजा पानी पिलाएं। गर्मी के मौसम में प्रतिपशु प्रतिदिन 50-60 ग्राम नमक अवश्य खिलाएं। अधिक दूध उत्पादन के लिए पशुओं को हरा चारा 25 से 30 किलो प्रतिदिन खिलाएं। हरे चारे एवं सूखे चारे का अनुपात 3 : 1 रखें और मवेशियों को 25-30 ग्राम मिनरल मिक्सचर प्रतिदिन चारे के साथ मिलाकर अवश्य खिलाएं। पशु बाड़े को हवादार बनाये एवं गीले बारदाने लटकाकर ठंडा रखें।

# मस्ती की पाठशाला : अखाड़ा, मटकी फोड़, जलेबी दौड़, मोमबत्ती जलाव रहा आकर्षण का केन्द्र



राजनांदगांव (दावा)। इस रविवार आयोजित मस्ती की पाठशाला में उमंग की भीड़ उमड़ी। सुबह से बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग उमंग एवं उल्लास के साथ पाठशाला में पहुंचकर पारंपरिक खेलो का मजा लेकर योगा एवं जुम्बा डॉस में भाग लिए। आज की पाठशाला में कलेक्टर जितेन्द्र यादव शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम की सहराना किए।

उन्होंने कहा कि मस्ती की पाठशाला के लिए सभी वर्गो में उत्साह नजर आ रहा है। बच्चे एवं युवा बड़ी संख्या में पहुँचकर विभिन्न खेलो का मजा ले रहे है। आज की मस्ती की पाठशाला का सबसे बड़ा आकर्षण अखाडा था, जिसमें नंदई बाली अखाडा के छोटे एवं बड़े बच्चों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसके अलावा इस बार नये खेल में मटकी

## कलेक्टर पाठशाला में शामिल होकर बच्चों का किए उत्साहवर्धन

फोड, मोमबत्ती जलाव, जलेबी दौड़, बेलुन फुलाव, बिल्लस, बाटी, भौरा, पिट्ठुल के अलावा रस्सीकूद, बेडमिंटन, तीरंजदाजी, जम्प, कराटे आदि खेलो का बच्चे एवं युवाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मजा लिये। छोटे बच्चों ने झुला झुल फिसल पट्टी में फिसलकर मजा लेने के साथ साथ छोटे-छोटे खेल में भाग लिए। साथ ही योगा के अलावा रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के साथ बडी संख्या में छोटे, बड़े बच्चें परिवार के साथ जुम्बा डॉस में थिरकते नजर आए। वही छोटे छोटे बच्चो ने ड्राईंग सीट में चित्रकारी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किए। जिसमें अच्छी चित्रकारी करने वाले बच्चों को यामिनी कला केन्द्र के द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में हर सप्ताह भीड़ बढ़ती जा रही है। लोगो का रूझान देखते हुए इस बार नये खेलों का समावेश किया गया है, जिसमें मटकी फोड, मोमबत्ती जलाव, जलेबी दौड़, बेलुन फुलाव, बिल्लस, बाटी, भौरा आदि खेल प्रमुखता से रही। उन्होंने कहा कि बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, योगा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, इडियन टीवीएस कम्पनी, राजनांदगांव रनर ग्रुप, सहित खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी के अलावा अन्य संघो के सहयोग से पाठशाला का सफल आयोजन किया जा रहा है। मस्ती की पाठशाला में पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो की परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# गायत्री स्कूल प्रांगण में श्री खाटू श्याम बाबा की बहेगी भक्ति धारा

## पांच दिवसीय श्री खाटू श्याम प्रभु महोत्सव में बाबा के भक्तों का रहेगा रेला




राजनांदगांव (दावा)। शहर के केसर नगर स्थित श्री गायत्री विद्यापीठ प्रांगण में श्री खाटू श्याम के भक्तों द्वारा पांच दिवसीय श्री खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रांगण में आज 25 मई से लेकर 29 मई तक श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति की अजस्त्र धारा बहेगी। इस दौरान विद्यापीठ प्रांगण में श्री खाटू श्याम प्रभु के भक्तों का रेला बना रहेगा।

उक्त पांच दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में आयोजन समिति के अमित खंडेलवाल, राजू डागा, संजय तेजवानी, अमित शर्मा व अन्य भक्तों द्वारा आज पत्रकार वार्ता में बताया गया कि अधिमास (पुरषोत्तम मास) के अवसर पर समस्त श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा पांच दिवसीय श्री खाटू श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्याम प्रभु की पूजा-अर्चना सहित उनकी महिमा का गान व भक्ति रस की गंगा बहाई जाएगी।

### आज शहर में निकलेंगी सूरजगढ़ निशान यात्रा

बताया गया कि आयोजन के पहले दिन 25 मई को शहर में पहली बार सूरजगढ़ निशान यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। उक्त यात्रा सूरजगढ़ दरबार (राजस्थान) से हजारीलाल जी इंदौरिया जिनके द्वारा खाटू श्याम जी मंदिर राजस्थान में कार्तिक एवं फागुन एकादशी में सर्वप्रथम इनका निशान ही चढ़ाया जाता है की पूरी टीम के द्वारा निशान यात्रा निकाली जाएगी जो सायं 5 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण से कामठी लाइन ,भारत माता चौक, तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग होते हुए दानी श्याम कुटीर सुरजन गली पहुंचेगी निशान यात्रा के साथ सिंगर जस्सी सैनी एवं योगेश शर्मा जी द्वारा भजन कीर्तन करते झूमते-नाचते निशान लेकर चलेंगे।

### सुरमई कथा वाचन व भजन संध्या

इसके अगले दिन 26 मई से पूज्य अर्पित भाई शर्मा का खाटू श्याम जी के महात्म्य वाली कथा वाचन होगा। 28 मई तक चलने वाली इस कथा वाचन का समय प्रतिदिन शाम 4:30 बजे से 7:30 बजे तक का है । कथा के पश्चात प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से भजन संध्या होगा जिसमे दिनांक 26 मई सोमवार को भजन गायक दिल्ली से मयूर रस्तोगी द्वारा श्री खाटू श्याम की शान में भक्ति रस की गंगा बहाई जाएगी।पुरषोत्तम एकादशी दिनांक 27 मई को खाटू श्याम जी निज मंदिर के सेवक परिवार से मानवेन्द्र सिंह चौहान जी एवं भजन गायक योगेश शर्मा जी खाटू वाले तथा ब्रज रसिक पारस लाहला वृंदावन से अपने भजनों से बाबा को रिझायेंगे। अगले दिन 28 तारीख को नागपुर से भजन गायक पंकज उपाध्याय, आकाश यादव, गणेश शर्मा का प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।

### श्री गायत्री विद्यापीठ के लोगों की रहेगी भागीदारी

बता दें कि पांच दिनों तक चलने वाले इस श्री खाटू श्याम महोत्सव कार्यक्रम को लेकर श्री गायत्री विद्यापीठ के लोगों में भव्य उत्साह बना हुआ है। गायत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन के मार्गदर्शन में लगभग 18 हजार वर्गफूट के सर्वसुविधायुक्त विशाल शेड बनवाया गया है, जिसमें उपरोक्त आयोजन सहित प्रतिदिन सुबह 9 बजे से साढ़े 10 बजे तक लड्डू गोपाल जी एवं युगल सरकार का अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित है। 29 मई (शुक्रवार) को कथा विराम तत्पश्चात पूर्णाहुति एवं श्री श्याम रसोई महाप्रसादी (भंडारा) कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से है।

उक्त पांच दिवसीय श्री खाटू श्याम महोत्सव कार्यक्रम में सभी भक्तजनों को सपरिवार पधारकर श्री श्याम प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने व अधिक मास अमृत महोत्सव का आनंद लेने की अपील की गई है।




# भारतमाता चौक के बिजली खंभे पर आज और लगी आग

## आसपास के लोगों में बना दहशत का माहौल



राजनांदगांव (दावा)। शहर का व्यापारिक दृष्टिकोण से व्यस्ततम इलाका भारत माता चौक के बिजली खंभे में रविवार दोपहर को एक बार फिर आग लग गई। इस बार आग सिर्फ एकबार नहीं दो -दो बार लगी। इस आग लगने की घटना से व्यापारी सकते में आ गए। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की उक्त आग लगने की धटना दोपहर तीन बजे के करीब हुई। बिजली के वायरो में तेज गर्मी का असर होने तथा गर्मी के दिनों में भारी मात्रा में हो रहे विद्युत प्रवाह के चलते खंभे से चिनगारियां फेंकने लगी। इस तरह दो-दो बार होने के चलते खंभे की चिनगारी नीचे गिरकर आसपास के कचरे को जलाने लगी तब लोगों को अचानक आग लगने का भान हुआ और बिजली विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची बिजली विभाग की टीम द्वारा भारत माता चौक के आसपास के विद्युत तारो को व्यवस्थित कर विद्युत सप्लाई सुचारू की।तब लोग थोड़े संयत हुए। भारत माता चौक स्थित इंदू मेडिकल स्टोर के गुंजन? गुप्ता ने बताया कि पिछले दिनों उक्त खंभे में लगी आग के बाद बिजली वालों ने उसी जले हुए वायर को कट कर जोड़ दिया था।

अभी वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते लोगों के यहां दो-दो, चार-चार एसी लगे होने से बिजली की खपत बढ़ी हुई है। ऐसे में वह पुराना जीयो वायर गरम होकर ब्लास्ट हो गया जिससे उक्त आग लगने की घटना हुई। उन्होंने बताया कि अब बिजली वालों आकर पूरे पुराने वायरों को चेंज किए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अब चौक के बिजली खंभों में आग लगने की घटना नहीं होगी।

# सनसिटी छोटा गोला क्रिकेट एसएसडी फिल्टर ने जीता



## उपविजेता रही राधेश्याम अर्थो केयर

राजनांदगांव (दावा)। सनसिटी परिवार में ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान लगातार बच्चों के लिए योगा क्लास ड्रान्स क्लास ड्राइंग क्लास हैंडराइटिंग क्लास मातृ दिवस फुटबॉल बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उसके बाद सनसिटी छोटा गोला क्रिकेट स्वर्गीय अनुराधा गुप्ता की स्मृति में उनके पुत्र प्रज्वल गुप्ता के मुख्य प्रायोजक में आयोजित की गई जिसका उद्घाटन सनसिटी कार्यक्रम प्रभारी करीब 30 महिलाओं ने किया वह समापन में सनसिटी परिवार में मायके आयी करीब 40 बहनें व बेटियों के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सनसिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने बताया क्रिकेट में 6 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल एसएसडी फिल्टर कप्तान तनय संचेती ने जीता, उप विजेता रही। राधेश्याम अर्थो केयर कप्तान डॉ. योगेश सोनी थे। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रोशन बोहरा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अंश अग्रवाल और ऑलराउंडर तनय संचेती रहे। खेल महोत्सव को सफल बनाने अतुल चोपड़ा, दिलीप गोलछा, सुशील माहेश्वरी, राजेश डागा, परेश पटेल, विशाल शर्मा, लालू सांखला, कान्हा शर्मा, हर्ष भोजाणी, सम्राट माहेश्वरी, लक्ष मिठिया, अनमोल सिंह, अमितोष सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता, कुणाल शर्मा ने दी।

# घुमका के सर्वांगीण विकास हेतु भाजपा संकल्पित है -किरण वर्मा

## नगर पंचायत चुनाव के लिए आज वार्ड नंबर 3,4,5 एवम 7,8 मे भाजपा ने अपना सघन जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया



घुमका (दावा)। घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरण वर्मा ने आज वार्डो के जनसंपर्क में प्रत्याशियों के साथ मिलकर मतदाताओं से संपर्क किया। जनसंपर्क में नुक्कड़ सभाएं भी हुई। इस दौरान नगर पंचायत भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी किरण वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य में भारतीय जनता पार्टी की मजबूत सरकार बैठी है, इसलिए नगर पंचायत में भाजपा क़ो वोट देकर मजबूत करने पर इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा, परिवहन हेतु सड़कों की कनेक्टिविटी और अधोसंरचना के महत्वपूर्ण कार्य तथा किसानों की सिंचाई के संसाधन, पानी की उपलब्धता, मजदूरों को रोजगार के कार्य भाजपा शासन में ही संभव हो सकते हैं. किरण वर्मा ने कहा कि घुमका क़े मतदाता मुझे सेवा का जरूर अवसर देगें। उनकी प्राथमिकता लोगों के कार्यों को आसान बनाने की होगी, वह अपना सर्वस्व घुमका के विकास के लिए समर्पित कर देगी। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड, नगर पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पूर्णिमा साहू,अनिता मिश्रा, रेणु सूर्यवंशी के साथ नगर निगम राजनांदगांव के पार्षद रवि सिन्हा, सावन वर्मा, राजा माखीजा, राजेश यादव, शेखर यादव, लोकेश जैन, रानू जैन, जैनम बैद, शरद सिन्हा, दुलेशवर साहू, सतीश साहू, अरुण साहू, अरुण साहू सहित घुमका के मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित साहू, जनक साहू सहित देवेंद्र बघेल, शैलेंद्र वर्मा, रूपनारायण साहू, गोविंद यादव, नोहेंद्र सिन्हा सहित वार्ड के प्रभारी सहप्रभारी उपस्थित थे.


# खनिज विभाग की कार्रवाई में रेत एवं चूना पत्थर, गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर 4 हाईवा जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव तहसील के ग्राम भर्रेगांव, खुटेरी, सुरगी, इंदामारा, भानपुरी, मोहारा तथा डोंगरगांव तहसील के ग्राम खुज्जी, मटिया, बगदई, परना, खुर्सीपार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेत एवं चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर 4 हाईवा को जप्त किया गया। इसके तहत प्रशांत सिन्हा के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 एडब्ल्यू 2701 से वाहन चालक संजय साहू द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना सुरगी एवं मूलचंद्र चंद्राकर के स्वामित्व के हाईवा सीजी 24 यू 8885 से वाहन चालक मनीष कुमार द्वारा चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। दीपक सोनकर के स्वामित्व के हाईवा सीजी 05 एपी 3581 से वाहन चालक गोकुल धनकर एवं बिट्टू अग्रवाल के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 बीए 4631 से वाहन चालक रमेश पटेल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना तुमड़ीबोड़ को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार गशत व निगरानी की जा रही है।

## मुरूम एवं चूना पत्थर गिट्टी खनिज का उत्खनन एवं परिवहन करने पर 1 जेसीबी, 2 हाईवा एवं 1 माजदा जप्त

इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा डोंगरगांव तहसील के ग्राम बीजाभाठा, लक्ष्मणभरदा, सालिकझिटिया, डोंगरगांव, कुमरदा, अर्जुनी क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप में मुरूम एवं चूना पत्थर गिट्टी खनिज का उत्खनन एवं परिवहन करने पर 1 जेसीबी, 2 हाईवा एवं 1 माजदा को जप्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। इसके तहत खैरागढ़ निवासी किशोर पटेल के स्वामित्व की जेसीबी मशीन सीजी 08 बीए 2050 से वाहन चालक हरेन्द्र निषाद द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन करने एवं राजनांदगांव निवासी दुर्गेश देवांगन के स्वामित्व की हाईवा सीजी 08 एएन 4987 से वाहन चालक तोमन साहू द्वारा मुरूम का परिवहन करने तथा राजनांदगांव निवासी रोमील गोलछा के स्वामित्व की हाईवा सीजी 08 एबी 6714 से वाहन चालक विकास एवं अर्जुनी निवासी हरि साहू के स्वामित्व के माजदा सीजी 15 एसी 2651 से वाहन चालक सूरज कुमार द्वारा चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com